दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 83 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00 | जयपुर। शनिवार, 24 जनवरी 2026 । माघ माह, शुक्ल पक्ष षष्ठी, संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

# तमिलनाडु में डिएमके सरकार का काउंटडाउन शुरू : पीएम मोदी

## कहा : ये बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगे हैं

### केरल में पीएम ने कहा - यहां भाजपा की नींव पड़ गई

बढ़ता राजस्थान

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। हमें तमिलनाडु को करप्शन फ्री स्टेट बनाना है। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। आज तमिलनाडु की सरकार का डेमोक्रेसी या अकाउंटिबिलिटी से लेना देना नहीं है।

डीएमके सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। इनकी पार्टी में जो ज्यादा करप्शन करता है वो आगे बढ़ता है।इससे पहले दिन में मोदी केरल पहुंचे थे। उन्होंने तिरुवनंतपुरम में कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।'

**मोदी की तमिलनाडु में स्पीच, 3 बड़ी बातें...**

#### 1. डीएमके सरकार पर

डीएमके ने वादे बहुत किए लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग भ्रष्ट सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ये सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है।

#### 2. कांग्रेस पर

बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपए तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपए दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे।

#### 3. तमिल संस्कृति पर

हम सिर्फ तमिल संस्कृति की बात नहीं करते बल्कि उसकी रक्षा के लिए काम भी करते है। भगवान मुरुगन के दीप को लेकर विवाद खड़ा किया गया तो हमारे नेताओं ने आवाज उठाई। डीएमके और उनके साथियों ने वोट बैंक को खुश करने के लिए कोर्ट को भी बदनाम किया। डीएमके तमिलनाडु की संस्कृति की सबसे बड़ी दुश्मन है। तमिलनाडु का युवा अपनी संस्कृति को सेलिब्रेट कर सके इसलिए एनडीए सरकार हर तरह उनके साथ है।



### केरल में मोदी किस पर क्या बोले, 4 पॉइंट्स

**1. लेफ्ट और कांग्रेस सरकार पर**

तिरुवनंतपुरम के साथ दशकों से लेफ्ट ने बहुत अन्याय किया। यहां की जनता को बेसिक सुविधाओं से वंचित रखा गया। एलडीएफ, यूडीएफ के लोगों ने केरल को करप्शन और कुशासन की राजनीति में झोंक दिया है। एलडीएफ, यूडीएफ के झंडे अलग हैं, सिंबल अलग है लेकिन पॉलिटक्स और एजेंडा एक है। झंडा अलग लेकिन एजेंडा एक है। इनकी मिलिभगत को तोड़ना होगा। परिवर्तन लाना होगा। कांग्रेस की मुस्लिम लीग और माओवादी सोच से आपको सतर्क रहना है ये केरल को अपनी लैब बना रहे हैं। कांग्रेस यहां कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रही है। आस्था की पवित्र धरती को मुस्लिम लीग के एजेंडे से बचाना है। 2014 से पहले दिल्ली में 10 साल तक लेफ्ट के समर्थन से कांग्रेस की सरकार चलती थी।

**2. केरल में भ्रष्टाचार पर**

तिरुवनंपुरम के साथ दशकों से लेफ्ट ने बहुत अन्याय किया। लेफ्ट और कांग्रेस ने करप्शन के चलते यहां की जनता को बेसिक सुविधाओं से वंचित रखा। अब ऐसा नहीं होगा। हमारी टीम ने विकसित केरल पर काम करना शुरु कर दिया है। मैं यहां की जनता से कहता हूं कि आप विश्वास रखिए जो अब तक नहीं बदला, वो अब बदलेगा। तिरंवनंतपुरम पूरे देश के लिए मॉडल सिटी बनेगा। करप्शन ने केरल के डेवलेपमेंट पर ब्रेक लगा दी है। बैंकों में घोटाले करके गरीबों का पैसा लूटा गया। किसी ने बच्चों की पढ़ाई तो किसी ने बिटिया की शादी के लिए पैसा रखा था। वो भी कांग्रेस और लेफ्ट ने लूट लिया। ऐसे लोगों को कड़ी सजा देना जरूरी है। आप बीजेपी को मौका दीजिए जिसने आपको लूटा उनसे एक-एक पैसा वसूल किया जाएगा।

**3. केरल के विकास पर**

केरल को विकसित बनाने में हमारी युवा शक्ति की भूमिका है। कांग्रेस लेफ्ट ने युवाओं के साथ धोखा किया है। आज पूरी दुनिया आत्मनिर्भर भारत अभियान में अपने लिए अवसर देख रही है। इसलिए गल्फ हो, यूरोप हो, भारत समझौते कर रहा है। इसका लाभ केरल को मिल सकता है इसके लिए यहां बीजेपी की डबल इंजन सरकार होना बहुत जरूरी है। विकसित केरल के लिए बड़े फैसले का समय आ गया है। केरल को नई पॉलिटिक्स चाहिए। 21वीं सेंचुरी के पहले 25 साल तो चले गए अगले 25 सालों में केरल को विकसित बनाने में बीजेपी को बहुमत चाहिए। केरल के लोगों से कहना चाहूंगा कि यही समय है सही समय है।

**4. धर्म, सबरीमाला मंदिर पर**

मोदी ने कहा- भगवान अयप्पा के मंदिर में पूरे देश के लोगों की आस्था है। लेकिन एलडीएफ सरकार ने सबरीमाला मंदिर को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां सोने की चोरी की खबरें आ रही हैं। भगवान के पास से सोने की चोरी, यहां बीजेपी की सरकार बनते ही आरोपों की पूरी जांच होगी दोषियों की जगह जेल में होगी। ये मोदी की गारंटी है।

## डिजिटल भुगतान में उछाल

**2025 में भीम ऐप पर लेनदेन 300% से अधिक बढ़े**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने वाले भीम पेमेंट्स ऐप ने वर्ष 2025 में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। ऐप पर मासिक लेनदेन में चार गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जो देश में यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान पर बढ़ते भरोसे और आसान उपयोग को दर्शाती है। एनपीसीआई भीम सर्विस लिमिटेड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 में भीम ऐप पर जहां 3.89 करोड़ लेनदेन हुए थे, वहीं दिसंबर 2025 तक यह संख्या बढ़कर 16.51 करोड़ तक पहुंच गई। इस तरह पूरे साल में लेनदेन की संख्या में 300 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि औसतन मासिक वृद्धि दर करीब 14 प्रतिशत रही। लेनदेन की संख्या के साथ-साथ उनके कुल मूल्य में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर 2025 में भीम ऐप के जरिए लेनदेन का कुल मूल्य 20,854 करोड़ रुपये से अधिक रहा।

पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लेनदेन की संख्या में लगभग 390 प्रतिशत और मूल्य में 120 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। यह आंकड़े बताते हैं कि उपयोगकर्ता अब भीम ऐप का इस्तेमाल केवल छोटे दैनिक भुगतान के लिए ही नहीं, बल्कि उच्च मूल्य वाले लेनदेन के लिए भी तेजी से कर रहे हैं।

## ऑटो रिक्शा ड्राइवर की लापरवाही से मासूम की मौत:

### तेज रफ्तार में घुमाव पर सड़क पर गिरी बच्ची को कार ने कुचला, पिता के साथ बैठी थी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में ऑटो ड्राइवर की लापरवाही से 4 साल की मासूम की मौत हो गई। ऑटो में पिता के साथ सवार मासूम बच्ची सड़क पर गिर गई और पीछे से आ रही कार की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र का है।

वह पिता के साथ ऑटोरिक्शा में बैठकर जा रही थी। मोड़ पर ओवर स्पीड में टर्न लेते समय ऑटोरिक्शा से नीचे रोड पर गिर गई थी। मामला 18 जनवरी को आरटीओ चौराहे का है। एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक मासूम वियांशी (4) के पिता राहुल महावर ने गांधी नगर थाने में गुरुवार को ऑटोरिक्शा ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया- शिप्रापथ के अग्रवाल फॉर्म निवासी राहुल महावर (25) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया- 18 जनवरी को रात करीब 9 बजे वह बेटी वियांशी महावर (4) को लेकर ऑटोरिक्शा में बैठाकर घर से जवाहर नगर टीला नंबर-6 जा रहा था।

## हरियाणा के 2 जवान जम्मू-कश्मीर में शहीद

**एक साल पहले शादी हुई, पत्नी ढाई महीने की प्रेग्नेंट**

बढ़ता राजस्थान

**झज्जर/ यमुनानगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 जवान शहीद हो गए। शहीद हुए जवानों में हरियाणा के झज्जर जिले के मोहित चौहान (26) और यमुनानगर के सुधीर नरवाल (32) हैं। मोहित 5 साल पहले आर्मी में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। करीब एक साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। उनकी पत्नी ढाई महीने की प्रेग्नेंट है। वहीं, यमुनानगर के रहने वाले सुधीर नरवाल इकलौते बेटे थे। करीब दो साल पहले ही उनकी पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर में हुई थी। सुधीर के पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में पत्नी, बेटा और मां ही रह गए हैं। दोनों के पार्थिव शरीर आज इनके पैतृक गांव पहुंचने थे। हालांकि मौसम खराब होने के कारण देरी हो गई। अब कल इनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। उधर, सीएम नायब सैनी ने इस हादसे पर दुख जताते हुए दोनों शहीदों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों को जयपुर में बने-रोबोट ने मारा था

### मेड इन इंडिया के तहत बने 3 रोबोट आर्मी में शामिल; दिल्ली में परेड में दिखेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना की ओर से मानव रहित रोबोट जीना का इस्तेमाल किया गया था। इस आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन में भारी हथियारों से लैस तीन आतंकवादी मारे गए थे।

वहीं, ऑटोनॉमस यूजीवी डैगर को हाल ही भारतीय सेना की 50 पैरा (स्पेशल फोर्सेज) में शामिल किया गया है। डैगर भारत का पहला पूरी तरह से स्वदेशी व नेक्स्ट-जेन ऑटोनॉमस रोबोट है। डैगर रोबोट युद्ध क्षेत्र में घायलों को निकालकर सुरक्षित स्थान तक लाने की खूबी रखता है।

ये रोबोट जयपुर में बनाए गए हैं। जयपुर के क्लब फर्स्ट रोबोटिक्स की ओर से इन्हें मेक इन इंडिया के तहत सीतापुरा क्षेत्र में डिजाइन कर तैयार किया गया है। इन रोबोट को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड में 26 जनवरी को दिखाया जाएगा।

देश की राजधानी दिल्ली में आर्मी ग्राउंड व्हीकल (यूजीवी) डैगर और ऑटोनॉमस हथियारबंद जीना का वैभव देखने को मिलेगा। दुश्मन के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई के आधार पर विशेष रूप से इन्हें डिजाइन किया गया है।

## पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम से तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया तथा ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने इस अवसर पर आयोजित समारोह में कहा कि केरल के विकास के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों को आज नई गति मिली है। नागरिकों के लिए रेल यात्रा को मॉडर्न बनाने और इंटर-स्टेट और रीजनल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़े कदम के तौर पर, पीएम मोदी ने अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के हरी झंडी दिखाए जाने से केरल में रेल संपर्क मजबूत हुआ है जिससे यात्रा की सुगमता बढ़ेगी और पर्यटन क्षेत्र को लाभ मिलेगा।


## राजस्थान में आंधी और बारिश के साथ ओले गिरे

### जयपुर सहित 10 से ज्यादा जिलों में बरसात, फसलों को नुकसान की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने के साथ ही मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। सीकर में शुक्रवार सुबह ओले गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, जयपुर, टोंक, नागौर सहित 10 से ज्यादा जिलों में बरसात हुई। आंधी के साथ हुई सीजन की पहली मावठ के बाद राजधानी के तापमान में भी गिरावट हुई है। बरसात और ओलों से फसलों के नुकसान की आशंका बढ़ गई है। भरतपुर में आकाशीय बिजली गिरने से महिला झुलस गई, जबकि एक भैंस की मौत हो गई। मौसम विभाग में ने आज 14 जिलों में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, 11 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। 24 जनवरी से घने कोहरे और शीतलहर की भी चेतावनी है।

गुरुवार को सरहदी जिले (जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, गंगानगर, जोधपुर) समेत उनके आसपास के कई जिलों में गुरुवार दोपहर बाद हल्की बारिश हुई।



**ओलों ने बढ़ाई चिंता, मावठ से लौटी सर्दी**

जयपुर में सीजन की पहली मावठ के साथ मौसम बदल गया है। सुबह 5 बजे आंधी के साथ रुक-रुककर शुरू हुआ बूंदाबादी का दौर 6.30 बजे तेज बरसात में बदल गया। बिजली की तेज गड़गड़ाहट के साथ हुई बरसात से तापमान में भी गिरावट हुई है। हवा ठंडी होने से एक बार फिर सर्दी लौटती महसूस हो रही है। वहीं, सीकर जिले के कई इलाकों में सुबह 6 बजे करीब ओले गिरे। बारिश के साथ गिरे ओलों से फसलों को भारी नुकसान की आशंका है। किसानों ने बताया- करीब 10 से 15 मिनट तक चने के आकार के ओले गिरे।

### हवन चलता रहा, वॉलेंटियर जैकेट में ले जाकर पढ़वाई नमाज

## एमपी की भोजशाला में नमाज-पूजन साथ-साथ

### पुलिस की मौजूदगी में मन रही बसंत पंचमी

बढ़ता राजस्थान

**धार (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के धार में विवादित धार्मिक स्थल भोजशाला में बसंत पंचमी पर शुक्रवार को पूजा और नमाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई। हिंदू श्रद्धालुओं ने सूर्योदय के साथ वाग्देवी (सरस्वती) पूजा की। हवन और पाठ सूर्यास्त तक किए जाएंगे।

उधर, भोजशाला में नमाज पढ़ने को लेकर दो दावे सामने आए हैं। जिला प्रशासन ने भोजशाला में ही मुस्लिम लोगों के शांतिपूर्वक नमाज अदा करने की बात कही है। वहीं, गुलमोहर कॉलोनी के रहवासियों ने कहा कि डिप्टी कलेक्टर रोशनी पाटीदार, डीएसपी आनंद तिवारी ने उन्हें और उनके साथियों को पिछले 16 घंटे से कमाल मौला मस्जिद में रोककर रखा, लेकिन दोपहर 2 बजे तक उनसे नमाज नहीं पढ़वाई गई।पीछे की तरफ कुछ लोगों से नमाज पढ़वाकर वीडियो बना लिया गया। इससे अलग, कुछ लोगों के नमाज पढ़ने की तैयारी करते हुए कमाल मौला मस्जिद के भीतर जाने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें नमाजी पीले रंग की वॉलेंटियर जैकेट पहने दिख रहे हैं। एक अन्य वीडियो में लोग नमाज पढ़ने के बाद लौटते दिख रहे हैं।



**भोजशाला का एरियल व्यू**





कैंपस की पहचान को लेकर विवाद

## क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

### रेप मामले में हाईकोर्ट ने दी अंतरिम राहत, 30 तक जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** आईपीएल चैंपियन आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल को रेप के मामले में फिलहाल हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई है। यह राहत जस्टिस गणेशराम मीणा की अदालत ने शुक्रवार को क्रिकेटर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दी। कोर्ट ने यश दयाल की गिरफ्तारी पर अग्रिम रोक लगाते हुए क्रिकेटर को 30 जनवरी तक जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कहा है। पीड़िता ने दयाल के खिलाफ सांगानेर थाने (जयपुर) में स्नड्डक्र दर्ज करवाई थी।

**केस डायरी के साथ जांच अधिकारी कोर्ट में रहे मौजूद**

यश के वकील चंद्रशेखर शर्मा ने बताया- पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केस डायरी के साथ जांच अधिकारी को बुलाया था। आज जांच अधिकारी कोर्ट में मौजूद थे। कोर्ट में बताया कि मामले में दो साल की देरी से एफआईआर दर्ज करवाई गई है। हम जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

# दूरी अब शिक्षा में नहीं बनेगी बाधा, सरकार बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी तरह समर्पित- डॉ शैलेश सिंह

## डीग जिला मुख्यालय पर बालिकाओं को वितरित की निःशुल्क साइकिले

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के पावन अवसर पर स्थानीय किशनलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बेटियों के उज्वल भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह साइकिलें केवल एक योजना का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि नारी शक्ति को सशक्त बनाने का माध्यम हैं, जिससे अब दूरी शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी। डॉ. सिंह ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि घर से स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण कई बेटियों को पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ती थी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन साइकिलों के मिलने से छात्राओं का आवागमन आसान होगा और कोई भी बेटी केवल दूरी के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी। उन्होंने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युग अवसरों से भरा हुआ है और बेटियों को इन अवसरों का पूरा लाभ उठाना चाहिए।



उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनवाकर महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा मिली है, वहीं उज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर गैस चूल्हा उपलब्ध कराया गया है, जिससे उनका जीवन आसान और स्वस्थ हुआ है।

विधायक डॉ सिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पहल से आज पूरे राजस्थान में बेटियों को साइकिलें मिल रही हैं, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में एक नया बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने डीग बाईपास, जिला अस्पताल और कुम्हेर उप-जिला अस्पताल जैसे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 28 जनवरी से शुरू हो रहे विधानसभा बजट सत्र में क्षेत्र के लिए और भी बड़ी सौगातें मिलने की उम्मीद है।

उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप सभी एक स्वर्णिम युग में जन्मी हैं, जहां आपके सपनों को साकार करने के लिए अनंत अवसर मौजूद हैं। मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के प्रति निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## हिन्दुस्तान ज़िंक और सीआईएमआईसी ग्रुप कंपनिया भारत की पहली जिंक टेलिंग्स रीसाइक्लिंग फैसिलिटी करेगी स्थापित

### सीआईएमआईसी ग्रुप कंपनियों सेडगमैन और लेटन एशिया को ईपीसी और इंजीनियरिंग कॉन्ट्रैक्ट

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** वेदांता ग्रुप की कंपनी और विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक, हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने राजस्थान में अपनी प्रमुख रामपुरा आगुचा माइंस में भारत की पहली जिंक टेलिंग्स रीसाइक्लिंग फैसिलिटी के विकास के लिए सीआईएमआईसी ग्रुप कंपनियों सेडगमैन और लेटन एशिया को कॉन्ट्रैक्ट देने की घोषणा की।

टेलिंग्स, खनिज निकालने के बाद बचे हुए बारीक पिसे हुए अवशेष होते हैं। हालांकि इन्हें पारंपरिक रूप से वेस्ट माना जाता है, लेकिन टेलिंग्स में अक्सर कीमती धातुओं की बची हुई मात्रा होती है जिन्हें पहले की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी से रिकवर नहीं किया जा सकता था। रामपुरा आगुचा में अपनी तरह की यह अनोखी फैसिलिटी पहले से प्रोसेस किए गए टेलिंग्स से जिंक और चांदी जैसी धातुओं को रिकवर करने के लिए एडवांस्ड रीसाइक्लिंग तकनीकों का उपयोग करेगी, जिससे पुराने वेस्ट को कीमती संसाधनों में बदला जा सकेगा और माइनिंग के लिए सर्कुलर अप्रोच को बढ़ावा मिलेगा।

यह प्रोजेक्ट मील का पत्थर है, जो रिसोर्स एफिशिएंसी, सर्कुलर इकोनॉमी प्रैक्टिस और घरेलू जरूरी मिनरल्स की सप्लाई को मजबूत करने पर भारत के फोकस के साथ जुड़ा हुआ है। यह पहल हिन्दुस्तान ज़िंक की भविष्य के लिए तैयार, मल्टी-मेटल पोर्टफोलियो बनाने और भारत के आवश्यक मिनरल्स इकोसिस्टम को मजबूत करने की बड़ी रणनीति का मुख्य स्तंभ है। पुरानी टेलिंग्स से वैल्यू निकालकर, यह फैसिलिटी पर्यावरण पर होने वाले असर को कम करेगी, जमीन का बेहतर इस्तेमाल करेगी और देश के लिए लंबे समय तक रिसोर्स सिक्योरिटी को बढ़ाएगी।

हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा, ने कहा कि भारत के औद्योगिक विकास का अगला चरण सिर्फ इस बात से तय नहीं होगा कि हम कितना माइनिंग करते हैं, बल्कि इस बात से भी तय होगा कि हम अपने पास मौजूद चीजों का कितनी समझदारी से उपयोग करते हैं। यह प्रोजेक्ट माइनिंग में एक्सट्रैक्शन से ऑप्टिमाइजेशन की ओर, और लीनियर कंजम्पशन से सर्कुलर वैल्यू क्रिएशन की ओर एक मौलिक बदलाव को दिखाता है।

### अयोध्या ज्योति के साथ नगर परिक्रमा

## संगीतमयी भक्तमाल कथा का समापन पर हुई भव्य आतिशबाजी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** श्रीकरणपुर स्थानीय कस्बे के श्री अनुराग कला निकेतन रामलीला मंच पर अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना के उपलक्ष में संगीतमयी श्री भक्तमाल कथा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के तत्वावधान में धार्मिक आयोजन 9 जनवरी से शुरू होकर आज समापन हुआ।

श्रीराम मंदिर समिति अध्यक्ष मनू सुखीजा ने जानकारी देते हुऐ बताया कि संगीतमयी श्री भक्तमाल कथा, प्रसिद्ध कथावाचक पंडित गोपाल मोहन भारद्वाज एवं भजन प्रवाहक के रूप में मनुगोपाल भारद्वाज श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर रहे हैं। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।



इसी आयोजन के तहत आज सुबह श्रीराम मंदिर से अयोध्या से लाई गई पावन ज्योति की गाजे-बाजे के साथ नगर परिक्रमा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर परिक्रमा एवं भव्य शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः श्रीराम मंदिर पहुंची,नगर परिक्रमा में पावन ज्योति का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया एवं पूरा क़स्बा जय श्रीराम के जयघोष से भक्तिमय हो उठा।और शाम को कथा समापन पर भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम किया गया और कल सुबह मंदिर में हवन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

नगर परिक्रमा में नरेश गोल्याण, भूपेश गोल्याण, अविनाश नारंग, पी.के. गुप्ता, श्री दुर्गा मंदिर समिति अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, विनय गर्ग, श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति अध्यक्ष विनय तनेजा, अग्रवाल समाज अध्यक्ष जितेंद्र जिंदल, मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुरुष एवं महिलाएं शामिल रहे।

# किनारों पर आ के डूब गए, जो कह रहे थे समुंदर है सब खंगाले हुए

- सीएम के भाषण के दौरान ही जा रहे लोगों को थाम नहीं पाए
- तो क्या यह भाजपा की विफलता रही या प्रशासनिक कमजोरी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** वो लोग भी किनारों पर आ के डूब गए, जो कह रहे थे समुंदर है सब खंगाले हुए... तारीक कमर का यह शेर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सिरोही में आयोजित जनसभा पर सटीक बैठता नजर आया। जिस भीड़ को बड़ी मेहनत से एकत्र किया गया था वे लोग ऐन वक्त पर खिसकते नजर आए। इनको कोई थामे नहीं रख पाया। भाजपा पदाधिकारी इसमें भूमिका जरूर निभा सकते थे, लेकिन वे खुद दर्शक बने हुए थे। कुछ मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचाने की होड़ में रहे तो कुछ पुलिस के धक्के खाकर कतारों में लगे दिखे। कुल जमा यही कि मुख्यमंत्री की सभा में जिन पर भीड़ लाने एवं भीड़ थामे रखने का जिम्मा था वे विफल साबित हुए। अब देखना होगा यह ठीकरा किस पर फूटता है।



### ऐन वक्त पर सब कुछ बिगड़ गया

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए भाजपा के साथ ही जिला प्रशासन ने भीड़ एकत्र करवाई थी। यह भीड़ प्रशासनिक व्यवस्थाओं में शुमार थी। इसलिए कि गांवों से लोगों को लाने व ले जाने की जिम्मेदारी सरकारी कारिंदों को सौंपी गई थी। भाजपा ने भी अपने पदाधिकारियों को इसी तरह का दायित्व सौंपा था, लेकिन ऐन वक्त पर सब बिगड़ गया और उठकर जाने लगे।

### सीएम आए और लोग उठकर जाने लगे

मुख्यमंत्री की सभा के लिए भीड़ एकत्र की गई थी और उनके भाषण के दौरान ही लोग उठकर जाने लगे तो क्या हो, लेकिन ऐसा ही हुआ। मंच पर मुख्यमंत्री भाषण दे रहे थे और लोग एक-एककर जाने लगे। इनको थामे रखने के लिए पुलिस ने प्रयास किए पर कोई नहीं माना। मुख्यमंत्री का भाषण शुरू होते-होते लगभग आधा पांडाल खाली हो चुका था।

### मुख्यद्वार बंद कर भीड़ रोकने का प्रयास

उधर, लोगों को रोके रखने के लिए पुलिस ने मुख्यद्वार बंद कर दिया, लेकिन नतीजा नहीं निकला। लोग चारदीवारी कूदकर भी बाहर निकले। माना जा रहा है कि दूर-दराज से आए लोग दोपहर तक उकता गए थे। पाली व जालोर के सुदूर इलाकों से सिरोही आए लोग संभवतया अलसुबह उठे होंगे, लेकिन दोपहर तक भी चाय-नाश्ता नसीब नहीं हुआ। परेशान हाल लोग उठकर पांडाल से निकलने लगे।

## राष्ट्रीय नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पावटा-प्रागपुरा मौन

### नेताजी की प्रतिमाएँ सम्मान को तरसीं

### पावटा उपखंड मुख्यालय होते हुए भी नहीं दिखा सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड मुख्यालय एवं नगरपालिका क्षेत्र होने के बावजूद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कस्बे में अपेक्षित उत्साह और सम्मान नहीं दिखाई दिया। नगर के मुख्य बाजार स्थित केशव सागर धर्मशाला के सामने नेताजी की प्रतिमा पर न तो नगरपालिका द्वारा साफ-सफाई करवाई गई और न ही किसी जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन या स्थानीय नागरिक ने माल्यार्पण किया। प्रतिमा दिनभर माला और पुष्पांजलि की प्रतीक्षा में मौन खड़ी रही। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि उपखंड और पालिका वाले नगर में जयंती के अवसर पर यह स्थिति निराशाजनक है।

इसी प्रकार प्रागपुरा कस्बे में मुख्य बाजार सुभाष चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर न तो नगरपालिका स्तर पर तैयारी की गई और न ही पूर्व वर्षों की तरह माल्यार्पण, साफ-सफाई अथवा सजावट का कार्य किया गया। किसी भी जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल या सामाजिक संगठन की ओर से जयंती के अवसर पर उपस्थिति दर्ज नहीं हुई, जिससे नागरिकों में निराशा देखी गई।

प्रतिमा की उपेक्षित स्थिति के छायाचित्र व वीडियो शुक्रवार दोपहर बाद से देर शाम तक सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे। नागरिकों व युवाओं ने टिप्पणियों में पूछा कि राष्ट्रीय तिथियाँ और नायक अब सिर्फ औपचारिक पोस्टों तक क्यों सीमित रह गए हैं। कई पोस्ट्स में नगरपालिका व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से सक्रिय और संवेदनशील भूमिका की अपेक्षा जताई गई। नागरिकों ने कहा कि नेताजी स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं राष्ट्र नायक थे। ऐसे में उनकी जयंती पर स्मारकों व प्रतिमाओं की सफाई, सजावट और माल्यार्पण का अभाव कस्बे की राष्ट्रीय चेतना पर सवाल खड़े करता है। लोगों ने उम्मीद जताई कि आगामी राष्ट्रीय तिथियों पर ऐसी उपेक्षा दोबारा न देखने को मिले और नगर में ऐतिहासिक व राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति संवेदनशीलता बढ़े।

# पुलिस-जन साझेदारी ने बदली प्रागपुरा थाने की तस्वीर

## सजावटी पौधे व पार्किंग व्यवस्था ने परिसर की सुंदरता को और निखारा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना हाल ही में हुए सौंदर्यकरण व व्यवस्थागत सुधारों के कारण चर्चाओं में है। थानाप्रभारी भजनाराम की पहल और स्थानीय भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से थाना परिसर पूरी तरह नए और आकर्षक स्वरूप में दिखाई दे रहा है। नागरिकों और पुलिस के बीच सहभागिता से करीब 10 लाख रुपये का कार्य बिना किसी शासकीय बजट के संपादित हुआ, जो क्षेत्र में एक अनुकरणीय मिसाल बनकर सामने आया है। 18 नवंबर 2025 को भजनाराम के पदभार ग्रहण से पूर्व परिसर में कबाड़, पकड़ी गई गाड़ियों, टूटा-फूटा फर्श व धूल-कचरे के कारण थाने की छवि अव्यवस्थित और फीकी थी। वहीं भवन व चारदीवारी पर रंग-रोगन का अभाव साफ नजर आता था। इन चुनौतियों के बीच थानाधिकारी ने भामाशाहों को प्रेरित करते हुए सौंदर्यकरण अभियान प्रारंभ किया, जिसमें चारदीवारी व भवन पर नया पेंट, स्वागत कक्ष में नए सोफे व टेबल, मैस हेतु लोहे के एंगल व टीनशेड, तथा परिसर में 100 एमएम सीमेंटेड ब्लॉक बिछाने जैसे कार्य किए गए। सजावटी पौधे व पार्किंग व्यवस्था ने परिसर की सुंदरता को और निखारा। भजनाराम की इस पहल ने पुलिस-जन संबंधों को भी मजबूत किया है। नागरिकों का मानना है कि सहयोग और सकारात्मक सोच से सरकारी परिसरों को भी व्यवस्थित व आकर्षक बनाया जा सकता है।



## बाबा भूतनाथ जोड़ा धाम पर अप्रैल में होगा 21 कुंडीय रुद्र महायज्ञ

### बसंत पंचमी पर हुआ ध्वजारोहण



बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड मुख्यालय पावटा के मोक्षधाम परिसर में स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर जोड़ा धाम में आगामी अप्रैल 2026 में 21 कुंडीय रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर महंत जयराम दास त्यागी महाराज के सानिध्य में पंडित द्वारकेश मिश्रा द्वारा विधि-विधान से ध्वजारोहण कर महायज्ञ की औपचारिक शुरुआत की गई। महंत जयराम दास महाराज ने बताया कि शिव महायज्ञ सामाजिक सद्भाव, लोककल्याण और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से नगर व क्षेत्र में शांति, सुख और समृद्धि की कामना की जाएगी। वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी कहा कि रुद्र महायज्ञ दुर्लभ और पुण्यदायी आयोजन होता है, ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में एकता व सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। आयोजकों के अनुसार महायज्ञ में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन, हवन, भजन-कीर्तन और पूर्णाहुति का कार्यक्रम रखा जाएगा। सभी श्रद्धालुओं से समय पर उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है। ध्वजारोहण के दौरान किशन लाल गोयल, बलदेव गोयल, विमल गर्ग, जम्मन राठी, पिंटू जांगिड, मातादीन सैनी, श्यामलाल सैनी, दिनेश शर्मा, रामावतार शर्मा, विजय शर्मा, मामराज वैष्णव एवं विनोद गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

## किनारों पर आ के डूब गए, जो कह रहे थे समुंदर है सब खंगाले हुए

### सीएम के भाषण के दौरान ही जा रहे लोगों को थाम नहीं पाए

### - तो क्या यह भाजपा की विफलता रही या प्रशासनिक कमजोरी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** वो लोग भी किनारों पर आ के डूब गए, जो कह रहे थे समुंदर है सब खंगाले हुए... तारीक कमर का यह शेर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सिरोही में आयोजित जनसभा पर सटीक बैठता नजर आया। जिस भीड़ को बड़ी मेहनत से एकत्र किया गया था वे लोग ऐन वक्त पर खिसकते नजर आए।

इनको कोई थामे नहीं रख पाया। भाजपा पदाधिकारी इसमें भूमिका जरूर निभा सकते थे, लेकिन वे खुद दर्शक बने हुए थे। कुछ मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचाने की होड़ में रहे तो कुछ पुलिस के धक्के खाकर कतारों में लगे दिखे। कुल जमा यही कि मुख्यमंत्री की सभा में जिन पर भीड़ लाने एवं भीड़ थामे रखने का जिम्मा था वे विफल साबित हुए। अब देखना होगा यह ठीकरा किस पर फूटता है।

ऐन वक्त पर सब कुछ बिगड़ गया

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए भाजपा के साथ ही जिला प्रशासन ने भीड़ एकत्र करवाई थी। यह भीड़ प्रशासनिक व्यवस्थाओं में शुमार थी। इसलिए कि गांवों से लोगों को लाने व ले जाने की जिम्मेदारी सरकारी कारिंदों को सौंपी गई थी। भाजपा ने भी अपने पदाधिकारियों को इसी तरह का दायित्व सौंपा था, लेकिन ऐन वक्त पर सब बिगड़ गया और उठकर जाने लगे।

### सीएम आए और लोग उठकर जाने लगे

मुख्यमंत्री की सभा के लिए भीड़ एकत्र की गई थी और उनके भाषण के दौरान ही लोग उठकर जाने लगे तो क्या हो, लेकिन ऐसा ही हुआ। मंच पर मुख्यमंत्री भाषण दे रहे थे और लोग एक-एककर जाने लगे। इनको थामे रखने के लिए पुलिस ने प्रयास किए पर कोई नहीं माना। मुख्यमंत्री का भाषण शुरू होते-होते लगभग आधा पांडाल खाली हो चुका था।

**मुख्यद्वार बंद कर भीड़ रोकने का प्रयास**

उधर, लोगों को रोके रखने के लिए पुलिस ने मुख्यद्वार बंद कर दिया, लेकिन नतीजा नहीं निकला।

लोग चारदीवारी कूदकर भी बाहर निकले। माना जा रहा है कि दूर-दराज से आए लोग दोपहर तक उकता गए थे। पाली व जालोर के सुदूर इलाकों से सिरोही आए लोग संभवतया अलसुबह उठे होंगे, लेकिन दोपहर तक भी चाय-नाश्ता नसीब नहीं हुआ। परेशान हाल लोग उठकर पांडाल से निकलने लगे।

## आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर कंप्यूटर कक्ष के लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान

अनूपगढ़ आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आज बसंत पंचमी के पावन पर्व पर विद्यारंभ संस्कार एवं अनूपगढ़ के भामाशाह कुशाल चन्द चुचरा द्वारा कंप्यूटर कक्ष का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया विद्यालय की चारदीवारी लोकार्पण कार्यक्रम में भामाशाह कुशालचन्द चुचरा द्वारा आदर्श विद्या मंदिर में कंप्यूटर कक्ष के निर्माण की घोषणा की गई थी इस घोषणा के अनुरूप आज कंप्यूटर कक्ष का लोकार्पण कार्यक्रम आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति द्वारा रखा गया

इस भव्य कार्यक्रम में भामाशाह कुशालचंद चुचरा सन्टी घुड़िया यस रोहित नंदलाल छाबड़ा मालाराम शर्मा सुरेंद्र कुमार सोनी मांगीलाल जांगिड़ मनोज आसेरी मनोज सुथार विजय सांखला हनुमान बिश्नोई नन्द किशोर मिठिया अशोक मिठिया संजय चौधरी रणबीर चौधरी रामप्रसाद शर्मा विद्या मंदिर प्रधानाचार्य हनुमान प्रसाद शर्मा मोहित घुआ खंड प्रचारक लक्ष्मण बालचंद अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बसंत पंचमी के इस पावन पर्व पर वेद प्रकाश जी पंडित जी द्वारा वैदिक मन्त्रों के द्वारा आज हवन करवाया गया मां सरस्वती के इस पवित्र दिन पर नव प्रवेश प्रारंभ हुआ अनेक बालक बालिकाओं को वैदिक मंत्रों के साथ आज विद्यारम्भ की दीक्षा प्रदान की गई ।

## गौशाला द्वारा बनवारी लाल विजय का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** अजमेर रोड स्थित जोबनेर रोड पर श्री मंगलम फार्म हाउस में राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में बांदीकुई निवासी बनवारी लाल विजयको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समीपवर्ती गौशाला की ओर से बनवारी लाल विजय का दुपट्टा, साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम श्रद्धा व उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## युवाओं के लिए सरकार ने 1 लाख भर्तियों का कैलेंडर किया है जारी- झाबर सिंह खर्रा

### ग्राम इटावा भोपजी में सीएचसी के नवीन भवन निर्माण शिलान्यास समारोह में पहुंचे हजारों लोग,

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत)।** शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र चौमूं के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इटावा भोपजी के नवीन भवन का शिलान्यास समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ?स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में भूमि पूजन कर नवीन भवन की आधारशिला रखी गई। अतिथियों द्वारा शिला पट्टिका का अनावरण कर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं के लिए 1 लाख भर्तियों के लिए कलेंडर जारी किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, चिकित्सा सहित सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का कार्य कर रही है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री



गजेंद्र सिंह खींवसर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएचसी भवन निर्माण के लिए 8.32 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की गई है, राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत राशि और ग्रामवासियों द्वारा किए सहयोग से भव्य भवन निर्माण होकर जनता की सेवा के लिए तैयार होगा। साथ ही उन्होंने वीर हनुमान जी सामोद के स्वीकृति को लेकर लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में आमंत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अविनाश गहलोत द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से शुभकामना संदेश भेजा, जिसे कार्यक्रम में डीजे पर चलाकर सभी को सुनाया गया। साथ ही इस अवसर पर मंच के माध्यम से भामाशाहों को वीर हनुमान जी की प्रतिमा ओर प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत सम्मान किया गया। स्थानीय सरपंच सुनीता राजकुमार सैनी ने अतिथियों का माला एवं दुप्पटा पहनाकर अभिनंदन किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पंचायत समिती प्रधान रामस्वरूप यादव, पूर्व आईएएस दामोदर शर्मा, सीएचसी प्रभारी डॉ. विनोद सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव सहित हजारों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बारिश ने किया बसंत पंचमी का स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** कस्बे सहित आसपास के इलाके में शुक्रवार अल सुबह बड़ा बदलाव देखने को मिला। सुबह करीब 4 बजे बारिश का दौर शुरू हुआ जो सुबह आठ बजे तक जारी रहा। बारिश से किसानों की फसलों को काफी फायदा पहुंचा है लेकिन बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को नुकसान भी पहुंचा है। सब्जी की फसलों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। मेघ गर्जन के साथ हुई ओलावृष्टि से खेतों में सफेद चादर बिछ गई। तेज बारिश के चलते कस्बे के अनेक इलाकों में पानी जमा हो गया जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बसंत पंचमी पर बाबा श्याम के दरबार में जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं को भी बारिश के चलते परेशानी झेलनी पड़ी।

## महरोली में पेयजल संकट, ग्रामीणों ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को सौंपा ज्ञापन

### विरोध के चलते गांव में भारी पुलिस जाप्ता रहा तैनात

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** ग्राम महरोली में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने वार्ड पंच शंकर सिंह फौजी के नेतृत्व में स्वायत शासन व नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंपकर ढाणी नाला क्षेत्र में किए गए कथित अवैध कनेक्शन हटाने व पूरे गांव में समान जलापूर्ति की मांग की।



ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2023 में पाइपलाइन बिछाने के बावजूद अब तक गांव की अधिकांश ढाणियों को नियमित जल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं, जबकि 20 जनवरी 2025 को ढाणी नाला क्षेत्र को जबरन मुख्य पेयजल लाइन से जोड़ दिया गया, जिससे अन्य इलाकों में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया। इस मुद्दे पर 22 जनवरी को आयोजित ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अवैध कनेक्शन हटाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। शुक्रवार को सडक़ शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मंत्री खर्रा को ग्राम सभा का प्रस्ताव सौंपा, जिस पर मंत्री ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए गांव में रींगस थाना पुलिस का भारी जाप्ता तैनात रहा। मौके पर थाना प्रभारी सुरेश चौधरी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान शंकर सिंह फौजी, राजेंद्र सिंह, रामकिशोर देवांदा, झाबरमल जाट, जितेंद्र पारिक, राजेंद्र पारिक, मंगलचंद शर्मा, हरलाल सैनी, अमित पाल सिंह, नंद सिंह, उदय सिंह, श्रीराम जाट, विनोद वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



**निवाई/टोंक।** बसंत पंचमी के अबूज सावे पर निकली निवाई में बारात।

## समर्पण संस्था द्वारा 77वें गणतन्त्र दिवस पर 'संवैधानिक मूल्यों' पर विचार गोष्ठी 26 जनवरी को

### संस्था पदाधिकारियों ने किया पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा 77वें गणतन्त्र दिवस पर गणतंत्र दिवस समारोह व 'संवैधानिक मूल्यों का क्षरण और उन्हें बचाने में सामान्य नागरिक की भूमिका ' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन 26 जनवरी को संस्था के निर्माणाधीन समर्पण आश्रय केयर भवन , प्लॉट नम्बर-30, लक्ष्मी विहार प्रथम, मैन साँभरिया रोड़, फालियावास मोड़ ( टीबा, सिन्दौली ) जयपुर मे प्रातः 10.30 से दोपहर 1 .00 बजे तक किया जायेगा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश व केन्द्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान के लोकपाल श्री पृथ्वीराज होंगे । तथा अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईआरएस व भरतपुर नगर निगम के पूर्व महापौर श्री अभिजीत कुमार करेंगे। विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता श्री दीपक महान( वृतचित्र निर्देशक , स्वतंत्र टिप्पणीकार , शिक्षाविद व लेखक ) होंगे ।विशेष आमंत्रित अतिथि श्री प्रमोद कुमार चौरडिया जैन ( संस्थापक अध्यक्ष, मानव मिलन संस्थान व प्रधान मुख्य संरक्षक, समर्पण संस्था ) रहेंगे । इस अवसर पर अनेक गणमान्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है ।

## गणतंत्र दिवस पर आईपीएस संदीप सिंह चौहान महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क से होंगे सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** आगामी 77 वें गणतंत्र दिवस के गौरवमयी अवसर पर राजस्थान पुलिस और गृह रक्षा विभाग के एक जांबाज अधिकारी की सेवाओं को विशेष पहचान मिलने जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक गृह रक्षा संदीप सिंह चौहान आईपीएस को उनके उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड और विभाग के प्रति अद्वितीय समर्पण के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। संदीप सिंह चौहान को यह सम्मान उनके पदस्थापन के दौरान राजकार्यों को व्यक्तिगत लगन और अद्वितीय समर्पण के साथ संपादित करने के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने विभाग के स्वयंसेवकों के नियोजन में वृद्धि करने और गृह रक्षा विभाग के विकास कार्यों को पूर्ण निष्ठा व कर्तव्य-परायणता के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## चित्रकला कार्यशाला का मकसद मतदाताओं को जागरूक कर लोकतंत्र को मजबूत करना है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान एवं राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन जवाहर कला केन्द्र की चतुर्दिक कला दीर्घा में शुक्रवार को किया गया। इस चित्रकला कार्यशाला का उद्‌घाटन जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चित्रकला कार्यषाला आयोजित करने का मकसद मतदाताओं को जागरूक कर लोकतंत्र को मजबूत करना हैं।



राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार खण्डेलवाल ने बताया कि प्रत्येक राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर यह चित्रकला कार्यशाला राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा महाविद्यालय के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में इस वर्ष राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने निर्वाचन विभाग द्वारा दी गयी थीम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आधारित चित्र बनाये। इस कार्यशाला के संयोजक श्री पंकज यादव, सहायक आचार्य ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ 10 कृतियों को माननीय जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। सभी चित्र दिनांक 25.01.2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदर्शित किये जायेगे, जिसका उद्‌घाटन एवं अवलोकन महामहिम राज्यपाल श्रीमान हरिभाऊ बागडे द्वारा किया जायेगा।

इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से नियुक्त नोडल अधिकारी श्रीमती संघमित्रा बरडिया, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, बगरू एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री बजरंग लाल स्वामी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, आमेर भी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## रामाज रिसोर्ट पैलेस पर राखी राठौड़ का भव्य स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** टोंक रोड स्थित रामाज रिसोर्ट पैलेस पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने रिसोर्ट का अवलोकन किया। यहां पर रामाज रिसोर्ट पैलेस के ओनर मोहित टेलर ने राखी राठौड़ का माला और चुनरी ओढा कर भव्य स्वागत किया।। यहां पर राखी जी ने जलपान ग्रहण किया और उन्होंने यहां की खाने की व्यवस्था और पैलेस की रॉयल हेरिटेज थीम बहुत सराहना की। बसन्तपंचमी के दिन उन्होंने रामाज रिसोर्ट में शादी में शरीक होकर बसंत पंचमी पर नवविवाहित मन्नी और आरुषि को आशीर्वाद दिया। साथ ही राखी राठौड़ का निवाई भाजपा के पूर्व महामंत्री करण सिंह, उपाध्यक्ष नगेन्द्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरपत सिंह, गोविन्द सिंह चौहान एवं कई कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत सम्मान किया।

## उदयपुर के स्काईविले में भीषण आग; कोई जनहानि नहीं

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** शुक्रवार को उदयपुर के स्काईविले इलाके में अचानक भीषण आग लगने से आसपास के क्षेत्रों में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की।

राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रशासन ने इलाके को सुरक्षित कर लिया है और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।


**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड**

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, किसान भवन लालकोठी, खण्ड-टर्मिनल मार्केट, जयपुर

क्रमांक :- राजकाज रेफरेंस 20098509 दिनांक :- 22/01/2026

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 14/2025-26**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड–टर्मिनल मार्केट, जयपुर के कार्य हेतु ऑफ लााईन बिड उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स एवं सेवा प्रदाता फर्मो के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb** पर भी देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2526WSOB01403 to AGM202526WSOB014013) है।

राज.संवाद/सी/25/18370 अधिशाषी अभियंता

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः—न.पा.नि. / निर्माण / 2025—26 / 14967 दिनांकः— 16.1.2026

**ई. बोली सूचना संख्या :– 55/2025–2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** व **'http://www.eproc.rajsthan.gov.in** पर देखा जा सकता है :–

| | |
|---|---|
| बोली का कार्य | NIB Code:- DLB2526A0428 (कुल 1 कार्य) |
| Unique Bid Number | DLB2526WSOB30849 |
| बोली की कुल लागत | Rs 22.64 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | दिनांक 16.01.2026 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | दिनांक 19.01.2026 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 28.01.2026 सायं 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | दिनांक 29.01.2026 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | 120 Day |

अध्यक्ष नगर पालिका निवाई — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई

राज.संवाद / सी / 25 / 18323


## नाबालिग को परेशान करने वाला हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** बिंदायका थाना पुलिस ने एक नाबालिग छात्रा को परेशान करने के आरोप में हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी कांस्टेबल सस्पेंड चल रहा था और नाबालिग को क्रिकेट में आगे बढ़ाने और क्रिकेट अकादमी में अचछी प्रेक्टिस करवाने की मदद के बहाने आए दिन परेशान कर रहा था। आरोप है कि कांस्टेबल पीडि़ता पर फिजिकल रिलेशन बनाने का दबाव बनाते हुए उसे अपने परिचित के फ्लैट पर ले जाने का दबाव बना रहा था। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर नाबालिग ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने नाबालिग को थाने ले जाकर आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कांस्टेबल को पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार किया।

### मधुमक्खी पालन से किसानों की आय बढ़ाने की अपार संभावनाएं : मंजू राजपाल

## दुर्गापुरा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय मधुमक्खी पालन सेमिनार का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** प्रदेश में मधुमक्खी पालन को एक लाभकारी, टिकाऊ एवं रोजगारोन्मुख कृषि व्यवसाय के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा में शुक्रवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का शुभारंभ किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल ने की।



सेमिनार में राजपाल ने कहा कि मधुमक्खी पालन किसानों की आय वृद्धि का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है। शहद, मधुमोम, रॉयल जेली, परागकण एवं प्रोपोलिस जैसे उच्च मूल्य वाले मधुमक्खी उत्पाद न केवल पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं बल्कि घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी व्यापक मांग है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ किसानों एवं युवाओं को अवश्य लेना चाहिए।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि मधुमक्खी पालन पर्यावरण संरक्षण एवं फसल उत्पादकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों तथा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को इस क्षेत्र से जोडऩे पर विशेष बल दिया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भरतपुर एवं टोंक जिलों में मधुमक्खी पालन के उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे मधुमक्खी पालकों को वैज्ञानिक तकनीक, तकनीकी प्रशिक्षण तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान में सहायता मिलेगी। उन्होंने लोगों को मधुमक्खी उत्पादों के लाभों के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

राजपाल ने कहा कि राजस्थान सरसों उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है जबकि शहद उत्पादन में पांचवें स्थान पर है। यदि मधुमक्खी पालक और किसान आपसी समन्वय से कार्य करें तो प्रदेश शहद उत्पादन में भी अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सकता है। उन्होंने सभी मधुमक्खी पालकों से 'मधु क्रांति पोर्टल' पर पंजीकरण कराने का आह्वान किया।

सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों ने मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों, शहद एवं अन्य उत्पादों के मूल्य संवर्धन, गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन रणनीतियों तथा निर्यात संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। तकनीकी सत्रों में मधुमक्खी रोग प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन का प्रभाव, आधुनिक बॉक्स प्रणाली, शहद प्रसंस्करण एवं ब्रांडिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।


**Executive Engineer Public Health Engineering Department City Division IV (S). Jaipur**

S. No. 4434-55 Date: 16/1/2026

(To Be Published In News Papers)

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various Works are invited from interested bidders. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state.

| UBN No. | NIT's For the Year 2025-26 | Last Date & time for online submission of tender document. |
|---|---|---|
| PHE 2526 WSOB11009 | NIT-40 | 28.01.2026 upto 3:30 PM |

DIPR/C/1208/2026

**Executive Engineer PHED, City Div. IV (S) Jaipur**

## सम्पादकीय

# 'मदर ऑफ ऑल डील्स'

इस बार गणतंत्र दिवस के अगले ही दिन 27 जनवरी 'ऐतिहासिक' साबित हो सकती है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच 'मुक्त व्यापार समझौते' (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर ने इसके स्पष्ट संकेत देते हुए इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' करार दिया है। यह कथन स्वाभाविक भी है। भारत 147 करोड़ से अधिक की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक के आकलन हैं कि 2026-27 में भी भारत की अर्थव्यवस्था, करीब 6.5 फीसदी की विकास दर के साथ, सबसे तेज गति वाली होगी। आईएमएफ की उप प्रबंध निदेशक रह चुकीं गीता गोपीनाथ का आकलन है कि 2028 में ही भारत तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था बन सकता है। ऐसे देश के साथ व्यापार समझौता करने से यूरोपीय देशों को एक व्यापक, विविध बाजार मिलेगा। यूरोप के 27 देश, 22.5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी, करीब 46 करोड़ आबादी, करीब 49,000 डॉलर की औसतन प्रति व्यक्ति आय वाले देशों के संघ के साथ भारत का एफटीए, यकीनन, पूरी दुनिया के लिए चौंकाने वाला संदेश लाएगा। यह समझौता 193 करोड़ से अधिक की आबादी के लिए बेहद अहम होगा। नए व्यापारिक आयाम खुलेंगे, उत्पादों की मांग बढ़ेगी, उत्पादन में बढ़ोतरी होगी, नतीजतन नए रोजगार भी पैदा होंगे। गौरतलब यह है कि 19 साल से दोनों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत के कई दौर जारी रहे। तब इसे 'ब्रॉड बेस्ड ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट एग्रीमेंट' (बीटीआईए) नाम दिया गया था, लेकिन 2007-13 के बीच संवाद के कई दौरों के बावजूद व्यापार समझौता सहमतियों तक पहुंच नहीं पाया। यूरोपीय संघ बाजार तक पहुंच, टैक्स, बौद्धिक अधिकार एवं संपदा, श्रम कानून-नियम, पर्यावरण मानकों सरीखे मुद्दों पर सहमत नहीं होता था। कार्बन फुटप्रिंट को लेकर आज भी यूरोप के सवाल यथावत हैं। हालांकि भारत ने वैकल्पिक प्रयासों से कार्बन उत्सर्जन को लगभग शून्य करने के लिए ईमानदार उपक्रम भी किए हैं। मसलन-वनों के विस्तार, स्वच्छ ऊर्जा आदि। जाहिर है कि यूरोपीय संघ ने पर्यावरण और प्रदूषण को लेकर भारत की गंभीरता को समझा होगा। बहरहाल यह समझौता सालों तक टलता रहा, लटकता रहा, अंततः 2022 में नई राजनीतिक इच्छा के साथ एक व्यापक एफटीए को पूरा करने पर बातचीत शुरू हुई। वित्त वर्ष 2024-25 में यूरोपीय संघ को भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 60.68 अरब डॉलर का किया गया। फिर भी यूरोप को भारत का निर्यात, चीन की तुलना में, कई गुना कम है। अब यूरोपीय संघ, भारत के लिए, सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन सकता है। भारत से भेजे गए कपड़े, रेडीमेड वस्त्र, चमड़े के सामान, समुद्री उत्पाद आदि पर अभी 2-12 फीसदी टैक्स लगता है। दवाएं, खासकर जेनेरिक दवाएं, रसायन के संदर्भ में, एफटीए के बाद, मंजूरी प्रक्रिया, कर और अन्य मानक अपेक्षाकृत आसान होंगे। जाहिर है कि उत्पाद सस्ते पड़ेंगे, लिहाजा यूरोपीय बाजार में ज्यादा बिकेंगे। एफटीए से भारत को यूरोपीय संघ के 'कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म' से छूट मिलेगी। हालांकि दोनों पक्षों का लक्ष्य है कि 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को 'शून्य' तक लाया जाए। इस्पात और एल्यूमीनियम का उत्पादन करने वाले भारत के लिए यह कर पाना वाकई एक बड़ी चुनौती है। फिलहाल यूरोपीय वाइन और स्पिरिट्स पर 150-200 फीसदी तक टैक्स लगता है। यूरोप से प्रीमियम और लग्जरी कारों पर भी 100-125 फीसदी तक आयात शुल्क लगता है। यदि एफटीए हो जाता है, तो यूरोप से औद्योगिक मशीनें, बिजली का सामान, रसायन के अलावा आईटी, इंजीनियरिंग, बिजनेस सर्विसेज, टेलीकॉम सरीखे सेवा क्षेत्रों को भी फायदा मिलेगा। इसके साथ ही विमानों के पुर्जे, हीरे, लग्जरी सामान के लिए भारत में नए अवसर बन सकते हैं। यूरोपीय लग्जरी कारें भारत में सस्ती मिल सकती हैं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 24 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2011 - मॉस्को के डोनोडिडोवो हवाई अड्डे पर बम विस्फोट से 35 लोगों की मौत, 180 घायल।
- 2010 - वर्ष 2008 के लिए 56वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। फ़िल्म 'अंतहीन' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फ़िल्म, मराठी अभिनेता उपेंद्र लिमये को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया। श्रीबाला को तमिल फ़िल्म 'नान कादाउद' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार के लिए चुना गया। फरहान अख्तर की फ़िल्म 'रॉक ऑन' को सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फ़िल्म के राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।
- 2008 -उत्तर प्रदेश में 'सैनिटेशन पॉलिसी' के लिए 'टास्क फोर्स' गठित हुई। पूर्व थल सेना अध्यक्ष जे.जे. सिंह को अरुणाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया।
- अफ़ग़ानिस्तान की एक अदालत ने एक पत्रकार को इस्लाम का अपमान करने के मामले में सज़ा-ए-मौत की सज़ा सुनाई। पाकिस्तानी सेना ने दक्षिणी वजीरिस्तान में अफ़ग़ान सीमा के निकट आतंकवादियों के साथ भीषण संघर्ष में तीन इलाकों को मुक्त कराया।
- 2007 - रूस एवं भारत के बीच एटमी रिएक्टर बनाने हेतु समझौता हुआ।
- 2005 -आंध्र प्रदेश के तेलगुदेशम के विधायक परिताला रवि की गोली मारकर हत्या करा दी गयी।
- 2003 -उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया परमाणु संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर सहमत।
- 2002 -संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान इस्लामाबाद पहुँचे, भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्ता की पुन: पेशकश की, एनरान के अध्यक्ष केनेथ ली ने इस्तीफ़ा दिया।
- भारतीय उपग्रह इनसेट-3सी सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में स्थापित।
- 2001 - जैव सुरक्षा संधि पर भारत के हस्ताक्षर, जोसेफ काबिला के राष्ट्रपति बनने पर संसद की मंजूरी।
- 2000 - चुनावों में दलितों का आरक्षण 10 वर्ष तक बढ़ाने हेतु संविधान के 79वें संशोधन को राष्ट्रपति की मंजूरी।
- 1996 - सं.रा. अमेरिका के इतिहास में पहली बार देश की प्रथम महिला हिलेरी क्लिंटन को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया गया।
- 1993 - सोयूज टी.एम. 16 प्रक्षेपित किया गया।
- सोमालिया में अमेरिकी सैनिकों के साथ संघर्ष में तीन व्यक्ति मारे गये और अनेक घायल हो गये।
- 1991 - लिथुआनिया गणराज्य ने सोवियत संघ के सैनिकों हटाने की मांग की।

विशेष आलेख

# 'वाइफ स्वैपिंग' और हमारे रिश्तों की टूटती नींव- समाज का आईना



डॉ. प्रियंका सौरभ



कुछ विषय ऐसे होते हैं जिन पर लिखना आसान नहीं होता। वे केवल शब्दों की नहीं, बल्कि सामाजिक, मानसिक और नैतिक साहस की भी माँग करते हैं। यह विषय भी उन्हीं में से एक है, जहाँ चुनौती केवल प्रस्तुति की नहीं, बल्कि उस सच को सामने लाने की है जिसे समाज अक्सर ढककर रखना चाहता है। संस्कृति की आड़ में या आधुनिकता के नाम पर जिस चुपचाप गिरावट को स्वीकार किया जा रहा है, उस पर प्रश्न उठाना अब ज़रूरी हो गया है। आज जब परिवार की पवित्र संस्था पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, 'वाइफ स्वैपिंग' जैसी प्रवृत्ति न केवल वैवाहिक बंधनों को चुनौती दे रही है, बल्कि पूरे समाज के मूल्यों को झकझोर रही है।

'वाइफ स्वप्पिंग' सुनते ही अधिकतर लोग इसे पश्चिमी संस्कृति या महानगरों तक सीमित मान लेते हैं। यह सोच हमें आत्मसंतोष देती है, लेकिन सच्चाई इससे कहीं अधिक असहज और व्यापक है। क्या यह प्रवृत्ति वास्तव में केवल बड़े शहरों तक सीमित है, या फिर इसकी छाया गाँवों और छोटे कस्बों तक भी पहुँच चुकी है—बस हम उसे देखने से बच रहे हैं? उत्तर प्रदेश, केरल और लद्दाख जैसे क्षेत्रों से सामने आए मामले बताते हैं कि यह समस्या ग्रामीण और शहरी दोनों स्तरों पर मौजूद है।

यह विषय सनसनी फैलाने के लिए नहीं, बल्कि समाज के भीतर बदलते रिश्तों को समझने के लिए ज़रूरी है। यह विवाह संस्था की कमजोर होती नींव, रिश्तों में बढ़ती दरार और आधुनिकता के नाम पर मूल्यों की गलत व्याख्या की ओर ध्यान दिलाता है। यह केवल शारीरिक इच्छा का प्रश्न नहीं, बल्कि असुरक्षा, मानसिक अधूरापन, संवादहीनता और सामाजिक पाखंड का परिणाम भी है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से इसमें भावनात्मक शोषण, ईर्ष्या और विश्वास का पूर्ण विघटन होता है। इस तरह के संवेदनशील विषय को संतुलित और मर्यादित भाषा में रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि गंभीरता बनी रहे। यह भी सामने आता है कि किस प्रकार सामान्य दिखने वाले परिवार धीरे-धीरे ऐसे कुचक्र में फँस जाते हैं, जहाँ रिश्ते भावनाओं की जगह समझौते और दिखावे का रूप ले लेते हैं। बैंगलोर, हापुड़ जैसे स्थानों से सामने आए मामले इसकी पुष्टि करते हैं।

आज यह मान लेना भूल होगी कि ऐसी प्रवृत्तियाँ केवल महानगरों तक सीमित हैं। सोशल मीडिया और इंटरनेट ने जहाँ स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले हैं, वहीं मूल्यों के क्षरण को भी आसान बना दिया है। आभासी दुनिया में 'सामान्य' लगने वाली भाषा, व्यवहार और रिश्ते वास्तविक जीवन में परिवारों की नींव हिला रहे हैं। आईटी क्रांति, उपभोक्तावादी संस्कृति और पश्चिमी प्रभाव ने युवा वर्ग में प्रयोग की होड़ बढ़ाई है। आर्थिक असमानता, संयुक्त परिवार का विघटन और महिलाओं की आर्थिक निर्भरता इसे बढ़ावा दे रही हैं। मनोवैज्ञानिक रूप से यह यौन असंतोष, ईर्ष्या और रोमांच की तलाश से उपजता है।

भारतीय संदर्भ में यह पुरुषप्रधान समाज की देन है। पत्नियाँ डर के मारे चुप रहती हैं—तलाक का कलंक, आर्थिक असुरक्षा या परिवार का विघटन। सोशल मीडिया ग्रुप्स ने इसे संगठित रूप दिया है। टियर-2 शहरों में तकनीक-साक्षर युवा इसमें लिप्त हैं। इसके प्रभाव विनाशकारी हैं। वैवाहिक स्तर पर विश्वास टूटता है, ईर्ष्या बढ़ती है, भावनात्मक लगाव नए पार्टनर से हो जाता है। बच्चों पर असर लंबे समय तक रहता है—वे असुरक्षा और रिश्तों की अस्थिरता सीखते हैं। विस्तारित परिवार समर्थन छोड़ देता है। समाज स्तर पर यह नैतिक क्षय और महिलाओं के शोषण को बढ़ावा देता है। भारत में परिवार संरचना बदल रही है, लेकिन यह विकृति नई चुनौतियाँ ला रही है। यह विमर्श केवल प्रश्न खड़े नहीं करता, बल्कि समाधान की ओर भी संकेत करता है। परिवार स्तर पर खुला संवाद, काउंसलिंग, भावनात्मक अंतरंगता आवश्यक है। समाज स्तर पर स्कूलों में नैतिक शिक्षा, महिलाओं का सशक्तिकरण ज़रूरी है। कानूनी स्तर पर आईपीसी धाराओं का सख्त उपयोग, परिवार परामर्श नीतियाँ बनानी चाहिए।

यह विषय अश्लीलता नहीं, बल्कि समाज का आईना है। यह पाठक को असहज करता है, सोचने पर मजबूर करता है। शायद इसी असहजता में इसका सबसे बड़ा सामाजिक महत्व निहित है—कि हम अपने रिश्तों को पुनः परिभाषित करें। समय है जागने का।

# एक खिलाड़ी से राष्ट्र तक: मुस्तफिजुर प्रकरण और टूटा विश्वास



प्रो. आरके जैन

*यह घटना बताती है कि आधुनिक क्रिकेट अब केवल बल्ले और गेंद का खेल नहीं रहा, बल्कि सत्ता और अस्मिता का माध्यम बन चुका है। इस पूरे प्रकरण की शुरुआत एक खिलाड़ी से हुई, लेकिन उसका विस्तार पूरे राष्ट्र तक पहुंच गया। मुस्तफिजुर रहमान का आईपीएल से बाहर होना एक पेशेवर निर्णय था*

क्रिकेट का मैदान केवल खेल का स्थल नहीं होता, वह राष्ट्रों की भावनाओं, आकांक्षाओं और आपसी विश्वास का प्रतिबिंब भी होता है। जब इसी मैदान से किसी देश की अनुपस्थिति की घोषणा होती है, तो वह केवल खिलाड़ियों की कमी नहीं दर्शाती, बल्कि विचारों और संबंधों के टूटने का संकेत भी देती है। भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से बांग्लादेश का बहिष्कार इसी टूटन की घोषणा है। यह फैसला खेल भावना से अधिक राजनीति की भाषा बोलता है। जिस विश्व कप को वैश्विक एकता, प्रतिस्पर्धा और उत्सव का प्रतीक होना चाहिए था, वह अब संदेह, टकराव और कूटनीति का अखाड़ा बनता जा रहा है। यह घटना बताती है कि आधुनिक क्रिकेट अब केवल बल्ले और गेंद का खेल नहीं रहा, बल्कि सत्ता और अस्मिता का माध्यम बन चुका है। इस पूरे प्रकरण की शुरुआत एक खिलाड़ी से हुई, लेकिन उसका विस्तार पूरे राष्ट्र तक पहुंच गया। मुस्तफिजुर रहमान का आईपीएल से बाहर होना एक पेशेवर निर्णय था, जैसा हर लीग में होता है, किंतु बांग्लादेश ने इसे सम्मान और सुरक्षा से जोडक़र देखा। यहीं से खेल निर्णय राजनीतिक मुद्दा बन गया। बीसीबी द्वारा मैच भारत से हटाकर श्रीलंका में कराने की मांग, आईसीसी का इनकार और फिर सीधा बहिष्कार, यह सब इस बात का प्रमाण है कि फैसले खेल तर्क से नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव में लिए गए। खेल सलाहकार और सरकारी नेतृत्व के तीखे बयान यह स्पष्ट करते हैं कि यह निर्णय क्रिकेट बोर्ड का नहीं, बल्कि सत्ता संरचना का था। परिणामस्वरूप संवाद की संभावना समाप्त हो गई और टकराव ने जगह ले ली। भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट संबंध ऐतिहासिक रूप से जटिल लेकिन सौहार्दपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों ने संघर्ष और सहयोग, दोनों के उदाहरण पेश किए हैं। उनके बीच खेले गए मुकाबले केवल अंक तालिका की लड़ाई नहीं थे, बल्कि साझा इतिहास और क्षेत्रीय पहचान की अभिव्यक्ति भी थे। लेकिन हालिया राजनीतिक घटनाओं ने इस संतुलन को तोड़ दिया है। बांग्लादेश के भीतर भारत विरोधी भावनाएं तेज हुई हैं और क्रिकेट उनका सबसे प्रभावी मंच बन गया है। मुस्तफिजुर प्रकरण को राष्ट्रीय अपमान के रूप में प्रस्तुत कर सरकार ने जनभावनाओं को संगठित किया। ऐसे वातावरण में पीछे हटना राजनीतिक कमजोरी माना जाता है। यही कारण है कि क्रिकेट अब खेल कम और भावनात्मक राजनीति का औजार अधिक बनता जा रहा है। इस बहिष्कार का सबसे गहरा और प्रत्यक्ष प्रभाव स्वयं बांग्लादेश क्रिकेट पर पड़ेगा। आर्थिक नुकसान केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होता, वह पूरी खेल संरचना को प्रभावित करता है। आईसीसी से मिलने वाली राजस्व हिस्सेदारी, प्रायोजक अनुबंध, मैच फीस और पुरस्कार राशि का नुकसान बोर्ड को वर्षों पीछे धकेल सकता है। खिलाड़ियों के लिए विश्व कप केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान और करियर निर्माण का मंच होता है। वहां से बाहर होना उनके भविष्य की दिशा बदल सकता है। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं के सपने भी अधर में लटक गए हैं।

## लघुकथा
बढ़ता राजस्थान

### नदियाँ और समुद्र



एक ऋषि थे, जिनका शिष्य तीर्थाटन करके बहुत दिनों के बाद वापस आया। संध्या-समय हवन-कर्म से निवृत होकर जब गुरु और शिष्य, जऱा आराम से, धूनी के आर-पार बैठे, तब गुरु ने पूछा, तो बेटा, इस लंबी यात्रा में तुमने सबसे बड़ी कौन बात देखी? शिष्य ने कुछ सोचकर कहा, सबसे बड़ी बात तो मुझे यह लगी कि देश की सारी नदियाँ बेतहाशा समुद्र की ओर भागी जा रही है। गुरु बोले, अरे, इसमें कौन सी बड़ी बात हैं? शिष्य ने निवेदन किया, बड़ी बात तो है महाराज! अब यही देखिए कि जितनी नदियाँ हैं, वे सब की सब श्रद्धेय हैं, उनका रूप मनोहर और जल सुस्वादु है और उनके किनारों पर इतने फूल खिलते हैं, इतने पक्षी चहचहाते रहते हैं कि आदमी का जी वहाँ से हटने को नहीं चाहता। मगर नदियाँ हैं कि एक क्षण कहीं रुकने का नाम नहीं लेती, वे भागी जा रही है, भागी जा रही हैं। और किसकी तरफ को महाराज? उस समुद्र की तरफ को, जिसका रंग नीला और सारा शरीर लवण से तिक्त है, जिसके मुंह से हर समय पागलों की तरह झाग चलता रहता है और जिसे यह फिक्र ही नहीं रहती कि कौन उससे मिलने को आ रहा है। ऋषि ने कहा, बेटा, समुद्र और नदियां नारी है। नारियों का स्वभाव है कि वे अपने प्रेमी का चुनाव, गुण देखकर करती है। समुद्र नीला और खारा भले ही हो, मगर वह गंभीर हैं और बड़ा मर्यादावान भी।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# क्या केला और कपूर खाने से सच में ठीक हो जाता है बवासीर? जानें सेवन का सही तरीका

**बवासीर में केला और कपूर कैसे फायदेमंद है?**

केला और कपूर का सेवन बवासीर के लिए प्राचीन उपायों में एक है। लेकिन ध्यान रहे कि इसके लिए आपको भीमसेनी कपूर का प्रयोग करना है। इन दोनों का एक साथ सेवन बवासीर के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, केले में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करता है। यह एक नेचुरल लैक्सेटिव के रूप में काम करता है, जो मल को नरम कर बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही, यह आंतों को आराम देने में भी मददगार होता है। वहीं, भीमसेनी कपूर कब्ज को दूर करने और बवासीर के घाव को भरने में मदद मिलती है।

**बवासीर में केला और कपूर कैसे खाएं?**

बवासीर के लिए केले और भीमसेनी कपूर का सेवन सुबह के समय करना चाहिए। इसके लिए एक पके हुए केले को अच्छी तरह मैश कर लें। अब उसमें भीमसेनी कपूर डालकर अच्छी तरह मिला लें। फिर इसको निगल लें। इससे बवासीर के लक्षणों को काफी हद तक कम करने में मदद मिल सकती है।

**साधारण कपूर खाने की ना करें गलती**

ध्यान रखें कि असली भीमसेनी कपूर का ही इस्तेमाल करें। साधारण कपूर खाने के लिए नहीं होता है। इसमें कई विषाक्त पदार्थ होते हैं, जो आपको गंभीर रूप से बीमा कर सकते हैं। इसलिए गलती से भी साधारण कपूर का सेवन न करें। अगर आपने गलती से साधारण कपूर खा लिया है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, जिससे आपको खुशी होगी और अच्छी इनकम होने से आपके जीवनसाथी और आपके बीच रिश्ता भी बेहतर रहेगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें, नहीं तो उसे पूरा करने में आपको समस्या अवश्य आएगी। आपके खिलाफ कार्य क्षेत्र में आज कोई षड्यंत्र रचा जा सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है। उन्हें किसी मनचाहे कोर्स में भी दाखिला मिल सकता है और आप आज अपनी मेहनत से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। यदि आपको किसी कानूनी मामले को लेकर समस्या चल रही थी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय व्यतीत करेंगे। आप कामों को लेकर लापरवाही दिखाएंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए किसी नई प्रॉपर्टी के लिए बढ़िया रहने वाला है और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**कन्या**
आज आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी, इसलिए आप अपने मन में सामंजस्य की भावना बनाए रखें। संतान के मनमाने व्यवहार को लेकर आपको टेंशन हो सकती है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। जीवनसाथी और आपके बीच रिश्ते बेहतर रहेंगे और आपको अपनी संतान से भी रिश्तों को बेहतर करने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको किसी काम की शुरुआत करने का अवसर मिलेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आप अपने रहन-सहन में लापरवाही करेंगे, जिससे बाद में आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। माताजी आपसे यदि किसी बात को लेकर नाराज चल रही थी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए खर्च पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको अपनी आए और व्यय में तालमेल बनाकर चलना होगा। आपके सामने आज कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए कुछ उलझने लेकर आएगा, क्योंकि आपके मन में कुछ कामों को लेकर टेंशन रहेगी। आज आपकी किसी से कहा सुनी हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपनी संतान की नौकरी से संबंधित कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप किसी दुसरे के मामले में बेवजह ना बोलें।

# बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस पर जिले भर में मेगा पीटीएम एवं निपुण मेला आयोजित

## जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद सभागार में हुआ आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर जिले के समस्त विद्यालयों में मेगा पीटीएम (अभिभावक-शिक्षक बैठक) एवं निपुण मेला आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय, पीईईओ, ब्लॉक, जिला स्तर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश का सीधा प्रसारण किया गया। अभिभावक शिक्षक बैठक के माध्यम से अभिभावकों के सहयोगात्मक संबलन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विद्यालयों में व्यापक स्तर पर विजिट की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभांरभ सामूहिक सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में जिला, ब्लॉक, पीईईओ एवं विद्यालय स्तर पर सामूहिक वंदे मातरम् का गायन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण भी प्रतीकात्मक रूप से किया गया। साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों में निपुण मेला एवं मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया गया तथा सीखने की प्रगति पर संवाद किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार टोंक में पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, निवाई-विधायक रामसहाय वर्मा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन सहित जिला मुख्यालय के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## निपुण मेला एवं मेगा पीटीएम का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठीनातमाम में शुक्रवार को मेगा पीटीएम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर की उपनिदेशक सविता सांवरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा विशिष्ट अतिथि हेमंत दीक्षित एसीबीईईओ टोंक एवं श्री कृष्ण गोपाल शर्मा एडीईओ माध्यमिक शिक्षा टोंक रहे। इन्होंने उपस्थित अभिभावक एवं शिक्षकों को आपसी समन्वय से छात्रों के सर्वांगीण विकास की प्राथमिकता सुनिश्चित करने की बात कही।

इसके बाद मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा सहभागिता की गई। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। बसंत पंचमी उत्सव पर स्थानीय स्टाफ द्वारा समस्त विद्यार्थियों के लिए कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। मध्यांतर पश्चात निपुण मेले का आयोजन हुआ।

## कलेक्टर हुए सख्त, एक्सईएन पीएचईडी संतोष कुमार को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई समिति के सदस्यों की जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत जलयोजनाओं एवं उनकी क्रियान्विति के संबंध में जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में योजना के तहत घर-घर जल संबंध के लिए स्वीकृत एवं प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति एवं क्रियांविति की योजनावार समीक्षा कर निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि जिन ठेकेदारों ने कार्य शुरू नहीं किया है, शुरू करके कार्य बंद कर दिया है और जिनका कार्य अधूरा पड़ा हुआ है उनको चिन्हित कर ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बीएस मीना को दिए। साथ ही जिला कलक्टर ने पेंडिंग एफएचटीसी के आवेदनों को 10 फरवरी तक ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। एफएचटीसी वाले ग्रामों में हर घर जल प्रमाण पत्रों की प्रगति को सुधारने के निर्देश प्रदान किए।

बैठक में जिला कलक्टर ने समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों विरूद्ध कार्यवाही नहीं करने पर एक्सईएन पीएचईडी संतोष कुमार को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर अधिशाषी अभियंता युधिष्ठर मीना के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बीएस मीना को दिए। उन्होंने विभागों के आपसी डाटा बेमेल होने की गलत रिपोर्ट देने वाले संबंधित एक्सईएन और एईएन के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

कलक्टर ने विद्यालयों, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवनों, स्वास्थ्य केन्द्रों पर पेयजल कनेक्शन की वास्तविक स्थिति, पेयजल स्रोतो पर बकाया विद्युत

## गंगापुर में नवनिर्मित अभियोजन भवन का लोकार्पण

# न्याय दिलाने में अभियोजन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका: बेढ़म

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरूवार को गंगापुर सिटी में नवनिर्मित अभियोजन भवन का लोकार्पण किया।




राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण, महिलाओं के उत्थान, किसानों की समृद्धि, युवाओं के सपनों को साकार करने और पीडित को सही समय पर न्याय मिले इसके लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीडितों को न्याय दिलाने में अभियोजन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भजनलाल सरकार ने प्रदेश में पहले ही दिन से उमंग, चैन, शांति स्थापित करने के लिए प्रयास किए है जिनके परिणाम स्वरूप एक महीने पहले जारी एनसीआरबी 2022-23 की रिपोर्ट की तुलना में विगत दो वर्षो में सभी प्रकार के अपराधों में 14 प्रतिशत से अधिक की कमी आई। वहीं हत्या जैसे गम्भीर मामलों में 50 प्रतिशत तक और एससी/एसटी के अपराधों और दंगों जैसी घटनाओं में 60 प्रतिशत से अधिक की कमी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस को सशक्त बनाया गया। जिससे अपराधियों में भय और आमजन में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। अब भारतीय दण्ड संहिता नहीं भारतीय न्याय संहिता होगी :- राज्यमंत्री बेढ़म ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था हमारी कोर्ट में दाण्डिक सोच के आधार पर बनाए गए कानून में आजादी के 80 वर्ष बाद परिवर्तन करते हुए न्यायिक व्यवस्था पर आधारित कानूनों को देश में लागू किया है। उन्होंने कहा कि अब भारतीय दण्ड संहिता नहीं भारतीय न्याय संहिता होगी। पीडित को न्याय मिले और उसकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए ई-साक्ष्य, मेडिकल रिपोर्ट भी ऑनलाइन उपलब्ध होने के साथ-साथ अभियोजन कार्यालयों में वीसी कक्ष स्थापित करते हुए समयबद्ध न्याय की व्यवस्था की गई है, जिससे पीडितों को बार-बार इधर-उधर भटकना नहीं पड़ा!

इस अवसर पर एडीएम गंगापुर सिटी सुदर्शन सिंह तोमर, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, निदेशक अभियोजन तिरूपति कुमार गुप्ता, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता और आम लोग उपस्थित रहे।

# पंचायत समिति बौंली का निरीक्षण: योजनाओं में प्रगति लाने के सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने शुक्रवार को पंचायत समिति बौंली कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं शाखाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध सुधार के स्पष्ट निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान मनरेगा शाखा में बकाया भुगतानों के शीघ्र निस्तारण तथा श्रेणी-4 के कम कार्यों की स्वीकृति पर असंतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने खेल मैदान से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर स्वीकृति हेतु भेजने के निर्देश दिए। पेंशन सत्यापन की धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी ग्राम विकास अधिकारियों को 31 जनवरी 2026 तक शत-प्रतिशत पेंशन सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) शाखा के निरीक्षण में आईएचएचएल सोक पिट, आरआरसी सेंटर एवं डब्ल्यूएसपी नाडेप कार्यों को स्वीकृति अनुसार समय पर पूर्ण नहीं करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही पात्र परिवारों के अधिकाधिक आईएचएचएल आवेदन तैयार कर शीघ्र स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में निरीक्षण के दौरान अप्रारम्भ आवासों का निर्माण शुरू नहीं होने पर असंतोष जताते हुए सभी अप्रारम्भ आवासों को 15 दिवस में प्रारम्भ कराने तथा प्रगतिरत आवासों की नियमित जियो-टैगिंग कर किश्तों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अंत में सभी ग्राम विकास अधिकारियों, कनिष्ठ सहायकों एवं पंचायत समिति स्टाफ के साथ मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** देवेन्द्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर द्वारा शुक्रवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया गया। श्री देवेन्द्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई आदि के बारे में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कारागृह की साफ सफाई संतोष पाई गई । दीक्षित द्वारा मौके पर उपस्थित जिला कारागृह के उपाधीक्षक बिहारीलाल एवं कारापाल ताराचंद शर्मा से कारागृह में सजायाफ्ता एवं विचाराधीन बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, ई कियोस्क आदि के संबंध में पूछताछ की गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया ।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को गणेश जी को दिया न्यौता



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सनाढ्य गौड़ ब्राह्मण समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन मानटाउन सवाईमाधोपुर का आयोजन 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर किया जाएगा। विवाह सम्मेलन के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन की कामना के साथ प्रथम पूज्य रणतभंवर के राजा भगवान त्रिनेत्र गणेश जी महाराज को बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को सम्मेलन समिति के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं के साथ न्यौता दे कर हर्षोल्लास के साथ आमंत्रित किया। इससे पूर्व समाज के सभी लोग भगवान परशुराम जी के मंदिर में एकत्रित हुए। इस अवसर पर सम्मेलन समिति के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद शर्मा एवं संयोजक डॉ नगेन्द्र शर्मा ने सभी समाज बंधुओं को सम्मेलन की रूपरेखा से अवगत करवाया एवं सभी से तन,मन व धन से सहयोग देकर सम्मेलन को सफल बनाने का अनुरोध किया।।इस अवसर पर जोड़ा समिति के अध्यक्ष गोकुल चन्द सीठा, महामंत्री गणेश प्रसाद शर्मा, सत्यनारायण पटवारी, श्याम तिवारी, डॉ सुरेश शर्मा,राजेन्द्र पानी शिवलहरी पटेल नगर, सत्यनारायण पाठक, चिरंजीलाल शर्मा, राजेन्द्र बिलोपा, इन्द्र किशन शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, गिर्राज तिवारी, महेंद्र शर्मा जोलंदा शिवप्रसाद शर्मा, हरिनारायण शर्मा, शम्भू द्विवेदी हरिराज शर्मा, बृजराज शर्मा, नवदीप पाठक, रामेश्वर सीठा,वैध हसंराज एवं पुजारी रामजीलाल आदि मौजूद थे।

# नामदेव छीपा समाज देवली की महिलाओं द्वारा कलश लेकर शोभा यात्रा निकाली

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।** शुक्रवार को यहां बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नामदेव छीपा समाज देवली की महिलाओं के द्वारा कलश लेकर शोभा यात्रा निकाली गई।



इस अवसर पर भगवान नामदेव जी की फोटो की झांकी सजाई गई इसी के साथ शोभा यात्रा समाज के अध्यक्ष महेंद्र मेड़तवाल के यहां से शुरू हुई आगे चल रहे बैंड पर धार्मिक भजन कीर्तन करते हुए चल रही समाज की महिलाएं अपने सिर पर कलश सजा कर चल रही थी। वही छीपा समाज के लोग जय विठ्ठल जय नामदेव के नारे लगाते शोभा यात्रा मे भक्ति भाव के साथ मगन रहे। इस मौके पर समाज के गणमान्य नोरत मल नामा ने जानकारी में बताया कि शोभायात्रा में देवली ब्लॉक के छीपा समाज की महिला एवं पुरुष बढ़ चढक़र भाग लिया। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो पर निकाली गई इस अवसर पर शहर वासियों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान समाज के लोगों ने जय विठ्ठल जय नामदेव के नारे लगाये। शोभा यात्रा में नामदेव छीपा समाज हितकारिणी सभा टोंक के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण नामा सहित देवली ब्लॉक के के लोग भी शामिल रहे । शोभा यात्रा गौरव पथ से शुरू होकर नीलकंठ महादेव बस स्टैंड,सदर बाजार, छतरी चौराहा से पटवा बाजार होकर गंगा गोरिया बालाजी के मंदिर पहुंची जहां शोभा यात्रा का समापन हुआ। तत्पश्चात समाज बंधुओ ने नामदेव जी के भोग लगाकर सामूहिक भोज का आनंद उठाया ।

## पीले फूलों से सजाया बाबा श्याम का दरबार

**बढ़ता राजस्थान निवाई (का.स.)।** श्याम मंदिर में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का पंचामृत अभिषेक कर मनमोहक पीत श्रृंगार किया गया। बसंत ऋतु के आगमन के प्रतीक बसंत पर्व पर बाबा श्याम के दरबार को विशेष रूप से पीले रंग के सुगंधित फूलों से सजाया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह से ही बाबा के मंदिर में दिनभर दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से श्याम मंदिर गुंजायमान हो उठा। भजन संकीर्तन को लेकर श्रद्धालुओं ने श्रृंगार के दर्शनों के साथ-साथ श्याम बाबा के भजनों का आनंद लिया। दोपहर में बाबा की विशेष आरती की गई। जिसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय लक्खी मेला शुरू

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं विधायक रामसहाय वर्मा को बैठाया हाथी पर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय लक्खी मेला महोत्सव का शुभारंभ भव्य ध्वज पूजन के साथ हुआ। ध्वज पूजन हरभांवता आश्रम के संत महामंडलेश्वर बालकानंदगिरी महाराज सहित कई संतों के सानिध्य में विधि-विधान से संपन्न हुआ। मेले के शुभारंभ समारोह में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं विधायक रामसहाय वर्मा मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों को शोभायात्रा के दौरान सुसज्जित हाथी पर बिठाया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गुर्जर, महामंत्री रतनदीप गुर्जर एवं कोषाध्यक्ष जगदीश नारायण बोकण के सानिध्य में अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संत समागम



एवं विशाल ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा छौरिया बालाजी धाम से प्रातः 9.30 बजे रवाना होकर लगभग 3 किलोमीटर का सफर तय करते हुए देवधाम जोधपुरिया पहुंची। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्गी, बैंड-बाजे के शाही लवाजमे के साथ श्री दादूदयाल जमात अखाड़ा भी शामिल रहा। भजनों और जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिरस में सराबोर रहा। शोभायात्रा के दौरान हजारों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भागीदारी निभाई। मंदिर परिसर पहुंचने पर विधिवत आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद शिव मंदिर जोधपुरिया से देवधाम तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। दोपहर 1.15 बजे मुख्य मंदिर प्रांगण में ध्वज पूजन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, शोभायात्राएं एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लक्खी मेले में दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर भगवान देवनारायण के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर कर्मानंद महाराज घाटा करिरिया, विवेकानंद महाराज लुनेरा, ज्ञानानंद महाराज व शिवपाला नन्द महाराज जगतपुरा आश्रम सहित कई संत व श्रद्धालु मौजूद थे।

## बहरोड़ निवासी सरिता यादव को मिली पीएचडी उपाधि

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** बहरोड़ निवासी डॉ सरिता यादव पत्नी संजय यादव मोहल्ला नैनसुख बहरोड़ ने एजुकेशन शिक्षा शास्त्र विभाग ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। ,इन्होंने शोध कार्य प्रो.डॉ.प्रीति शर्मा के निर्देशन में उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालय में विद्यार्थियों के सीखने के व्यवहार पर शिक्षण उपागम के प्रभाव का अध्ययन विषय पर पूर्ण किया डॉ सरिता यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया व शोध कार्य प्रो. डॉ.प्रीति शर्मा को दिया ,इस उपलब्धि पर परिवार ने मिठाई बांट कर खुशियां मनाई।

## संत सुन्दरदास जयंती व बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के खण्डेलवाल धर्मशाला में शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना तथा संत सुन्दरदास जी महाराज की की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान समाज बन्धुओं के द्वारा संत सुन्दरदास जी महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा माला व दुपट्टा पहनाया गया। इस दौरान उपस्थित समाजबंधुओं ने खण्डेलवाल समाज की उन्नति एवं प्रगति की प्रार्थना की की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, हरिओम झालानी, विनायक धामाणी, दीपक माचीवाल, संजय घीया सहित समाजबंधु उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ कर मनाया संस्थापक श्रीराम शर्मा का आध्यात्मिक जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर बसन्त पंचमी पर दो दिवसीय कार्यक्रम मे माता भगवती देवी जन्म शताब्दी वर्ष और गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्री राम शर्मा जी का आध्यात्मिक जन्मदिन समारोह का आयोजन प्रातः काल 6 बजे से सायंकाल 6 बजे तक सामूहिक गायत्री मंत्र जप और सभी के लिए उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करते हुए, विश्व कल्याण की कामना करते हुए वेदमाता, देवमाता, विश्वमाता के सम्मुख गायत्री दीप महायज्ञ आयोजित किया गया ।

23 जनवरी को प्रातः 7 बजे श्री गुरु चरणों का पंचोपचार पूजन अभिषेक, और आरती के बाद 9 कुंडिय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ जिसमे विविध संस्कार जैसे पुंसवन संस्कार, नामकरण संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार,विद्यारंभ संस्कार, मुण्डन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार, जन्मदिन, विवाह दिवस संस्कार आदि संस्कार गायत्री यज्ञ के माध्यम से गायत्री परिवार के पुरोहितो द्वारा संपन्न करवाये गए तथा माता भगवती सरस्वती शारदा मां का अवतरण दिवस भी मनाया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ । शताब्दी वर्ष 2026 में पर्यावरण संरक्षण का, नशा मुक्ति का संकल्प किया गया।

## टूर्नामेंट से लौटने पर छात्र खुशीराम का अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर(का.स.)।**हनुमानगढ़ में आयोजित हुई वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल टूर्नामेंट मे टहला महाविद्यालय के छात्र खुशीराम गुर्जर टहला लौटने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गई प्राचार्य डॉ. के एल मीना ने बताया है कि छात्र पहले छात्र जो महाविद्यालय की ओर से इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व करके लौटा है खुशीराम ने अपने बड़े भाई विजय सिंह गुर्जर कप्तान राजस्थान विश्वविद्यालय फुटबॉल टीम से प्रेरणा लेकर इस खेल को चुना महाविद्यालय परिवार ने इस छात्र की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### समरस समाज से ही होगा राष्ट्र उत्थान

# संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर केलवा में ऐतिहासिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को कस्बे एवं आसपास के ग्यारह गांवों की ओर से भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी और कुटुंब प्रबोधन जैसे पंच परिवर्तन को अपनाने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर प्रातः 11 बजे अम्बावा से गाजे-बाजे व ढोल-नगाड़ों के साथ विशाल कलश शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा पालीवाल मोहल्ला, छतरी चौक, चारणा की खाली, सूरज पोल होते हुए सभा स्थल तक पहुँची। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता रही, जिसमें लगभग 3100 महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर नृत्य करती हुई चल रही थीं।शोभायात्रा में बजरंग बली, राम-सीता, महादेव, रामदेवजी, प्रभु चारभुजा नाथ एवं सांवरिया सेठ की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भारत माता के स्वरूप में सजी नन्ही बालिका के साथ अखाड़ा प्रदर्शन



भी किया गया। सदर बाजार, बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।शोभायात्रा के पश्चात भिक्षु विहार के पास धर्मसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मुनि प्रकाश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक भारतीय के विचारों में भारत की चेतना प्रतिबिंबित होनी चाहिए तथा अखंड भारत की भावना सदा जीवंत रहनी चाहिए।मुख्य वक्ता अखिल भारतीय अधिकारी सुरेश चंद ने श्रीमद्भागवत के प्रसंगों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की महत्ता बताते हुए कहा कि हिंदू संस्कृति विश्व को शांति और अध्यात्म का मार्ग दिखाती है। उन्होंने पंच परिवर्तन को जीवन में उतारने का आग्रह किया।इस अवसर पर संत ज्ञानानंद महाराज, रामस्नेही निर्मल राम, संत उत्तम महाराज, अमितरास, अध्यक्ष शंभुलाल सोनी, विशिष्ट अतिथि अनन्त सिंह, तनसुख बोहरा, सुरेश सोनी, भरत पालीवाल, महेंद्र कोठारी (विकास), राजू सवारियां, बाबूलाल कोठारी, संजय पालीवाल, हमेर सिंह बल्ला, कैलाश जोशी,दिनेश सुरेचा,राजकुमार पालीवाल, आंनद जोशी, ललित मादरेचा, कमलेश पालीवाल,सुनिल साहु, सहित अनेक गावं सादुल,पिपलिया,तलाई,उमठी, झांझर,मोखमपुरा,किशनपुरा उम्मेद पुरा,वागुन्दडा,धायला के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सरकारी विद्यालयों में हुआ मेगा पीटीएम का आयोजन, अभिभावकों ने किया शिक्षकों से सीधा संवाद

### ब्लॉक की 386 बालिकाएं हुई नि:शुल्क साइकिल योजना से लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन हुआ। मेगा पीटीएम के दौरान अभिभावकों ने अध्यापकों से सीधा संवाद कर बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन व भविष्य के बारे में चर्चा की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि ब्लॉक के समस्त राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे सभी विद्यालयों में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बसंत पंचमी पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उसके बाद विद्यालयों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा अभिभावक व बच्चों से सीधे संवाद कार्यक्रम का प्रसारण को दिखाया गया। उन्होंने बताया ब्लॉक के पीईईओं व युसीबीईओ में निपुण मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने विभिन्न शैक्षणिक, कौशल विकास और रचनात्मकता से जुड़े स्टॉल लगाए गए। इस दौरान बच्चों ने अपने ज्ञान, प्रतिभा और नवाचारों का प्रर्दशन किया। वहीं सुबह सभी विद्यालयों में नव मतदाता जागरूकता दिवस, सुभाष चन्द्र बोस जयंती, वंदे मातरम के 150 वर्ष तथा विद्यालयों में कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। वहीं विभिन्न राजकीय विद्यालयों में 386 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज शर्मा, कमल कुमार मीना ने विभिन्न राजकीय विद्यालयों में पहुंचकर अभिभावकों से सीधा संवाद कर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# श्याम बाबा का हुआ अलौकिक श्रृंगार, भक्तों को पीत वस्त्र का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्ण दास व पंडित मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि बसंत महोत्सव पर्व के दिन बाबा श्याम का आकर्षक पीले फूलों से श्रृंगार किया गया साथ ही श्री जगन्नाथ जी महाराज को नवीन पोशाक धारण कराई गई। श्री जगन्नाथ जी महाराज के मंदिर में बाबा श्याम का बागा वस्त्र का वितरण भी किया गया। मान्यता है कि इस बागा वस्त्र को साल भर तक बाबा शाम के मस्तक के नीचे रखा जाता और इस वसंत पंचमी के दिन नए बागा वस्त्र को बाबा को धारण कराया जाता है और पुराने वस्त्र को सभी भक्तों में वितरित किया जाता है बताया जाता है कि बागा का वस्त्र की महिमा का वर्णन यह है कि एक बांज स्त्री को भी यदि बाबा का बागा वस्त्र मिल जाए तो उसकी भी गोद भर जाती है। इस वस्त्र को सभी भक्तों के कल्याण सुख समृद्धि हेतु वितरित किया जाता है। सुबह से ही भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर श्री जगन्नाथ जी महाराज और खाटू श्याम बाबा के दर्शन किये। प्रातः काल 9.15 बजे बाबा श्याम की महा आरती हुई जिसमें सैकड़ो भक्तों शामिल हुये। महाआरती के पश्चात प्रसाद सभी भक्तों में वितरित किया गया। इस मौके पर जगदीश मंदिर के महंत पूर्ण दास, पंडित मदन मोहन शास्त्री, पंडित रोहित शर्मा, एडवोकेट महेंद्र प्रसाद तिवारी, कन्यालाल लखेरा, हरिओम गुप्ता, मुकुल बढ़ाया, मयूर खंडेलवाल, अमन पवार, राकेश सैनी, सुरेश सैनी, मनीष गुप्ता, गायत्री देवी, अनीता बढ़ाया, कृष्णा गर्ग, मुनिया गर्ग सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# 'संत सुंदरदास मार्ग' नामकरण पट्टिका का विधिवत शिलान्यास समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** खंडेलवाल सेवा समिति परिवार एवं अलवर खंडेलवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में आज होप सर्कस से पुलिस कंट्रोल रूम तक संत सुंदरदास मार्ग नामकरण पट्टिका का विधिवत शिलान्यास समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रमेश चंद्र गुप्ता 'तुंगा वाले', राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय खंडेलवाल महासभा, जयपुर रहे। ओर डॉ. के.के. गुप्ता, विभाग संचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ओर अतिविशिष्ट अतिथि संजीव कुमार कट्टा, मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष, खंडेलवाल महासभा, जयपुर उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि नरेंद्र जसोरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष घीया ने की। स्वागत अध्यक्ष ऋषिकांत गुप्ता एवं रामचरण गुप्ता (जैतपुर वाले) रहे।

मंच संचालन का दायित्व दिनेश गुप्ता एवं प्रेम खंडेलवाल ने कुशलतापूर्वक निभाया। कार्यक्रम के दौरान संत शिरोमणि संत सुंदरदास जी महाराज के जीवन, उनके विचारों तथा समाज के उत्थान हेतु दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को खंडेलवाल धर्मशाला से पुलिस कंट्रोल रूम के सामने स्थित मार्ग नामकरण पट्टिका स्थल तक ले जाकर विधिवत शिलान्यास संपन्न कराया गया।

इस भव्य आयोजन में लगभग 1200 से अधिक खंडेलवाल समाजबंधुओं, जिनमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी सम्मिलित रही, ने सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता प्रदान की। सभी मुख्य अतिथियों का पारंपरिक मनचासी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात खंडेलवाल धर्मशाला में सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।आयोजन के दौरान पाँच लकी ड्रा कूपन निकाले गए तथा उपस्थित प्रत्येक खंडेलवाल परिवार को संत सुंदरदास जी की तस्वीर भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

कार्यक्रम में खंडेलवाल सेवा समिति, खंडेलवाल सेवा मंडल, खंडेलवाल महिला सेवा समिति, खंडेलवाल महिला संस्थान, खंडेलवाल शिक्षा समिति सहित समस्त अलवर के खंडेलवाल समाजबंधुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। खंडेलवाल सेवा समिति परिवार, अलवर खंडेलवाल समाज के प्रत्येक परिवार के सहयोग, उपस्थिति एवं समर्पण के लिए हृदय से आभार एवं अभिनंदन प्रकट करता है।

# ढेलाणा में मेगा पीटीएम, बसंत पंचमी महोत्सव के साथ नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढेलाणा में शुक्रवार का दिन एक विशेष दिन रहा। आज मेगा पीटीएम का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों की उन्नति प्रगति के बारे में अभिभावकों को बताया। विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की। अभिभावकों के प्रस्ताव अनुसार विद्यालय खेल मैदान के बाउंड्री वॉल बनवाना एवं गेट लगवाना। स्टाफ की कमी को पूरा करने का प्रयास करने की बात हुई। विद्यालय में कक्षा कक्ष की कमी को दूर करना के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। मेगा पीटीएम विद्यार्थियों के सांस्कृतिक मूल्यों से जोडने के साथ विद्यालयों में सामूहिक सहभागिता एवं सकारात्मक वातावरण को सुदृढ़ करना है। आज कृष्ण भोग का आयोजन किया । विद्यालय में बसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया ।जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजू शर्मा ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदीश सिंह चुंडावत ने अपना उद्बोधन दिया। मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हिंदुस्तान को पूरे साल 6 ऋतुओं में बांटा जाता है । जिसमें बसंत ऋतु जनसाधारण का मन चाहा मौसम होता है । फूलों में बहार आ जाती है। खेतों में सरसों के फूल चमकने लगते हैं। गेहूं की बालियां खिलने लगती हैं ।आमों के पेड़ों पर मँजरी आने लगती है। हर तरफ फूल ही फूल खिलते हैं, जिस पर रंग बिरंगी तितलियाँ मंडराती रहती हैं एवं भँवरे गुंजन करते रहते हैं । ऐसे वातावरण मे विद्या की देवी मां सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया जाता है । सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया ।

### देवगढ़ में कपड़े के थैलों को अपनाने का दिया गया संदेश

# प्रदूषण नियंत्रण मण्डल का अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध फैलाई जन-जागृति

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** शुक्रवार को क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं नगर पालिका, देवगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति जागरूक करना तथा इसके स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

क्षेत्रीय अधिकारी अशोक जेलिया ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सब्जी मण्डी, उसके आस-पास की दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सब्जी विक्रेताओं के ठेलों एवं आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण मिट्टी, जल स्रोतों, पशुओं एवं मानव स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि प्लास्टिक अपशिष्ट का अनुचित निस्तारण पर्यावरण असंतुलन को बढ़ावा देता है, जिससे भविष्य की पीढियों पर भी



प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अभियान के दौरान नागरिकों को दैनिक उपयोग में कपड़े के थैलों को अपनाने, प्लास्टिक कैरी बैग्स से परहेज करने एवं स्वच्छ और हरित पर्यावरण की दिशा में सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सब्जी मण्डी, दुकानों एवं आमजन को निःशुल्क कपड़े के थैले वितरित किए गए, जिससे लोग व्यवहारिक रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प को अपना सकें।

नगर पालिका, देवगढ़ के अधिकारियों ने व्यापारियों एवं विक्रेताओं से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः बंद करें तथा ग्राहकों को भी इसके प्रति जागरूक करें। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के अधिकारियों ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन हेतु निरंतर जागरूकता, जनसहभागिता और नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में आमजन की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली तथा लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। संयुक्त रूप से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ, सुरक्षित और सतत पर्यावरण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग कर कपड़े एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाना समय की आवश्यकता है।

## कलश यात्रा व भण्डारे के साथ संस्कार भारती स्कूल में मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के नीमला गांव में स्थित संस्कार भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार शर्मा व निदेशक मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा ग्राम टोडी के तंवर परिवार द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त उप निरीक्षक महादेव प्रसाद तंवर के निवास से हुआ। महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो मंगल गीतों के साथ विद्यालय परिसर पहुंची। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां शारदे की प्रतिमा को स्थापित कर उसकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी का दिन शिक्षा और कला की देवी की आराधना का दिन है।

**राजस्थान आवासन मण्डल**

क्रमांक :- 533 | दिनांक :- 23/01/2026

**निविदा सूचना संख्या 22/2025-26**

मण्डल की कॉलोनी 825 आवास मिल्कपुर फेज-तृतीय कावेरी एवं गोदावरी अर्पाटमेंट भिवाड़ी की जलयोजना के संचालन एवं संधारण कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 27.01.2026 सायं 6.00 बजे से 06.02.2026 सायं 6.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। जिसका विवरण वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

**यू.बी.एन. नं.:- RHB2526WSOB00336**

राज.संवाद/सी/25/18411 — आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई.-द्वितीय, जयपुर

# रामगंजमंडी में श्रीराम कथा में उमड़ा जनसागर: लगभग 2 लाख श्रद्धालु पहुंचे, आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने किया अभिवादन

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** रीको औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुर में गुरुवार से प्रारंभ हुई बागेश्वर धाम सरकार की श्रीराम कथा एवं गौ माता महोत्सव में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। आयोजकों और स्थानीय अनुमान के अनुसार पहले ही दिन लगभग दो लाख लोग कथा में शामिल हुए। राजस्थान के साथ-साथ मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

कथा का निर्धारित समय दोपहर 2.30 बजे था, लेकिन दोपहर 12 बजे से ही कथा स्थल की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। पंडाल और उसके बाहर खुले मैदान तक श्रद्धालुओं की भीड़ खचाखच भरी रही। मंच के सामने बनाए गए तीन विशेष डोम पूरी तरह भर गए और भोजनशाला तक लोगों का जनसमूह नजर आया। आयोजन के लिए लगभग 500 बीघा क्षेत्र में तैयारियां की गईं, जिसमें करीब 100 बीघा में कथा पंडाल बनाया गया।






आचार्य धीरेंद्र शास्त्री खुले वाहन में जब कथा स्थल पहुंचे तो जयकारों से माहौल गूंज उठा। मंच पर पहुंचकर उन्होंने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। जैसे ही उन्होंने हाथ जोडक़र 'सीताराम' कहा, पूरा पंडाल खड़े होकर 'सीताराम' के उद्घोष से गूंज उठा।

मंच पर आने से पूर्व आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने गाय और बछड़े का पूजन कर उन्हें हरा चारा खिलाया। इसके बाद उन्होंने वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर मंच पर उनका सम्मान किया। वाल्मीकि समाज के लोग कथा में विशेष रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी शामिल हुए। उन्होंने आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे सनातन समाज को एकजुट करने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, सांसद सीपी जोशी, विधायक बालमुकुंद आचार्य, शंकराचार्य जगतगुरु ज्ञान आनंद जी तीर्थ, संघ के वरिष्ठ प्रचारक कैलाश जी, धर्माचार्य निरंजन नाथ अवधूत, साध्वी हेमा सरस्वती, सुवासरा विधायक हरदीप सिंह, जिला कलेक्टर कोटा पियूष सांवरिया, पूर्व विधायक हेमराज मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि और संत मौजूद रहे।

**आज लगेगी अर्जी, खुलेगी पर्ची**

कथा स्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार शुक्रवार को आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का बहुचर्चित दिव्य दरबार आयोजित होगा। कथा दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगी, जिसके बाद दिव्य दरबार लगेगा।

## राजस्थान गुर्जर महासभा की ओर से तहसील अध्यक्ष किया नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**पीपल्दा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** राजस्थान गुर्जर महासभा के संभागीय अध्यक्ष रामलाल गुंजल उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि पीपल्दा तहसील अध्यक्ष पद पर राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कालू लाल गुर्जर, एवं शहर जिला अध्यक्ष डॉ बी.एल गोचर की अनुशंसा पर कोटा जिले की तहसील पीपल्दा के अध्यक्ष पद पर मांगीलाल गुर्जर मियाना को नियुक्त किया गया है।

देहात जिला अध्यक्ष ललित गुर्जर ने नियुक्ति पत्र जारी कर संगठन में सक्रिय दायित्व निर्माण की बात कही।

## रामगंजमंडी में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित, स्कूली बच्चे व अभिभावक लौटे मायूस

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा 23 जनवरी को श्री हीराभाई पारीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य-स्तरीय मेगा पेरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का जुडऩा प्रस्तावित था। कार्यक्रम के तहत बच्चों और अभिभावकों को उनके आशीर्वचन दिलाए जाने थे। मुख्य समारोह जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि रहे और वहां से लाइव प्रसारण हुआ था। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर तथा आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के जुडऩे की योजना थी। इस कार्यक्रम के लिए रामगंजमंडी क्षेत्र के सरकारी व निजी (प्राइवेट) स्कूलों के बच्चों को विशेष रूप से विद्यालय में बुलाया गया था। सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक बच्चे और अभिभावक विद्यालय परिसर में प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन निर्धारित समय तक आचार्य के नहीं पहुंच पाने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।

## पेंशनर्स का समाधान शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राजस्थान पेंशनर्स मंच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अब्दुल मन्नान खान के निर्देशानुसार एवं पेंशन एवं पेंशनर्स विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा से प्राप्त पत्र के आधार पर पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु एक दिवसीय पेंशनर्स समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर सीएडी सर्किल, कोटा कार्यालय परिसर में आयोजित होगा, जहां पेंशनर्स की समस्याएं मौके पर ही सुनी जाएंगी तथा उनकी लंबित समस्याओं का उसी दिन समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। समस्त संबंधित पेंशनर्स से आग्रह है कि वे अपनी समस्या से संबंधित प्रार्थना पत्र एवं पीपीओ नंबर के साथ दिनांक 28 जनवरी 2026, बुधवार को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित स्थान पेंशन एवं पेंशनर्स विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, सीएडी सर्किल, कोटा में उपस्थित होने का कष्ट करें। शिविर के दौरान राजस्थान पेंशनर्स मंच के जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो पेंशनर्स की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों

## बसंत पंचमी प्राचीन भारतीय परंपरा का पावन उत्सव : आंजना

### बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा कर आंजना ने करवाया बच्चों को भोजन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** बसंत पंचमी के अवसर पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने डांक बंगला रोड स्थित जनता मैदान के समीप राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा उपरांत पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भोजन प्रसाद करवा धर्मलाभ लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जो ज्ञान, विद्या, कला और संस्कारों का प्रतीक है। मां सरस्वती की आराधना से जीवन में विवेक, सद्बुद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन का आधार बनाते हुए नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढऩे का आह्वान किया तथा कहा कि ऐसे पर्व नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोडऩे का कार्य करते हैं। विद्यालय



परिवार ने आंजना सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का उपर्णा ओढ़ा स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, केली कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पिंकेश जैन, पूर्व पार्षद राजेश सांड, धर्मचंद राव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक हरिप्रसाद शर्मा की 16वीं पुण्यतिथि को सेवा कार्य के रूप में मनाया



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** शुक्रवार को पूर्व विधायक हरिप्रसाद शर्मा की 16वी पुण्यतिथि सेवा कार्य करके मनाई गई।इस अवसर पर बस स्टैंड पर गायों को चारा डाला गया तथा गरीब जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कम्बल दिए।अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण किए। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मोन धारण कर पूर्व विधायक हरिप्रसाद शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नवीन यादव पूर्व चेयरमैन राकेश सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्यामप्रसाद शर्मा जिला कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र माहेश्वरी मॉर्निंग वाक क्लब के अध्यक्ष हनुमान राठौर, दिनेश यादव, देवेंद्रकुमार झा,वाणिज्य महासंघ अध्यक्ष प्रयागराज शर्मा,अमित बजाज,सतपाल साहनी,भोला पारेता, बद्री विशाल पंचोली,गोपाल लाल सोनी, मुस्तकीम मंसूरी, पत्रकार द्वारका प्रसाद लखन झंझोट विश्वनाथ शर्मा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नहर कैनाल सफाई की आड़ में घड़ियाल क्षेत्र से लकड़ी काटने का मामला आया सामने

**बढ़ता राजस्थान सुलतानपुर (मुकेश गोस्वामी)।** सुल्तानपुर बुढादीत क्षेत्र के पीपल्दा समैल क्षेत्र में ईआरपीसी के तहत सीएडी नहर की पटरिया का सफाई कार्य किया जा रहा था इसी की आड़ में मंडावरा क्षेत्र के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व की चंबल घडियाल क्षेत्रीय जंगलों से विलायती बबूलो को चोरी छुपे मजदूरों से कटवाकर ट्रैक्टरों से संचालित चौपर मशीनों द्वारा कुट्टी बनाने एवं परिवहन कर ले जाने के मामले मैं रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व बूंदी उपसंरक्षक अरुण कुमार के निर्देशन पर मंडावरा नाका प्रभारी देवराज गुर्जर के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन ट्रेक्टर सहीत तीन ट्रॉली तीन कॉपर कुट्टी मशीनों को जप्त कर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व क्षेत्राधिकार कार्यालय मंडावरा में खड़ा करवाया गया।

## आलनिया डैम पर सीबीआरएन मोबिलाइजेशन ड्रिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) कोटा की टीम ने शुक्रवार को आलनिया डैम परिसर में सीबीआरएन (केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर) मोबिलाइजेशन ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का नेतृत्व निरीक्षक (जीडी) राजेश कुमार महलावत ने किया।

06वीं बटालियन एनडीआरएफ के कमांडेंट श्री सुरेंद्र सिंह से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित इस ड्रिल में आलनिया डैम से जुड़ी एक केमिकल फैक्ट्री की पाइपलाइन में क्लोरीन गैस के रिसाव की काल्पनिक सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम विशेष सुरक्षा उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। ड्रिल में एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, जिला अस्पताल की मेडिकल टीम, सिविल पुलिस तथा कोटा अग्निशमन विभाग की टीमें भी शामिल रहीं। सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा क्लोरीन गैस के रिसाव को नियंत्रित करने की प्रक्रिया का सफल अभ्यास किया गया।

इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य रासायनिक आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, आपसी तालमेल और संसाधनों के प्रभावी उपयोग की क्षमता को परखना रहा।

## वीरांगना हाड़ी रानी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर त्याग, साहस और स्वाभिमान की प्रतीक वीरांगना हाड़ी रानी जी की जयंती शुक्रवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय करणी सेना के नेतृत्व में प्रातः 11 बजे कोटा के हाड़ी रानी सर्किल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां वीरांगना को नमन कर उन्हें याद किया गया। राष्ट्रीय करणी सेना कोटा संभाग अध्यक्ष महिपाल सिंह हाडा (मोंटू बना) ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के लोग एकत्र हुए। पूरे चौराहे को फूलों से सजाया गया तथा हाड़ी रानी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी हिम्मत सिंह ने वीरांगना हाड़ी रानी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका बलिदान और स्वाभिमान भारतीय इतिहास में सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

## विद्यालय में सुभाष चंद्र बोस जयंती, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हुआ वातावरण



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड़)।** संकल्प क्रांति संस्था की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली अरब, कोटा में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से राष्ट्रवादी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र बोस के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रसेवा से जुड़े प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को संस्था की ओर से उपहार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम संयोजक हेमंत यादव ने बताया कि मुख्य अतिथि राष्ट्रवादी चिंतक एवं विचारक नितिन अग्रवाल रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, ईमानदारी और कर्मठता को जीवन में अपनाने का आह्वान किया तथा शिक्षा के माध्यम से देशसेवा का मार्ग चुनने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्रिंसिपल निधि पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम के संस्कार विकसित करते हैं। विशिष्ट अतिथि वाइस प्रिंसिपल पिंकी राठौर ने नेताजी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। अंत में संस्था संयोजक नरेंद्र मोहन गौतम ने आभार व्यक्त किया।


॥ कृष्ण की इच्छा के बिना तिनका भी नहीं हिलता। ॥

श्री चैतन्य चरितामृत – अंत्य-लीला



भावपूर्ण स्मृति में

अग्निवेश अग्रवाल

(3 जून 1976, पटना - 7 जनवरी 2026, न्यूयॉर्क)

अग्निवेश एक पावन आत्मा थे, जिन्हें **राधे-कृष्ण** ने **गोलोक वृंदावन धाम** में सेवा के लिए बुला लिया। वह निडर और साहसी थे, संगीत और खेल उन्हें बेहद प्रिय थे। वह प्रतिभाशाली व्यवसायी थे, और सबसे बढ़कर एक प्यारे बेटे, भाई और मित्र थे। वह हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

"अग्निवेश, हम सारे वादे पूरे करेंगे।"

**आइए, हम एक साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें :**

**दिनांक :** बुधवार, 14 जनवरी, 2026 | **समय :** शाम 5-7 बजे

**स्थान :** वाईबी चव्हाण सभागार, नरीमन पॉइंट, मुंबई

ऑनलाइन जुड़ें :

**प्रार्थना में :**

**अनिल एवं किरन अग्रवाल, प्रिया एवं आकर्ष हेब्बार, माही**

प्रवीण एवं ज्योति, नवीन एवं रुचिरा, सुमन एवं विमल,

प्रतीक एवं सोनाक्षी, अंकित एवं श्वेता, नैवेद्य एवं अनन्या, अनन्य एवं नितिका, विराज, साक्षी एवं वरुण,

सभी गुप्ता परिवारजन,

**उनके सभी मित्र और सहयोगी**

एवं संपूर्ण वेदांता परिवार।

vedanta

transforming for good


# मेगा पीटीएम, निपुण मेला व निःशुल्क साइकिल वितरण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वोकेशनल, नयापुरा में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मेगा पीटीएम, निपुण मेला, कृष्ण भोग एवं निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। इसी अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



वक्ताओं ने नेताजी के राष्ट्रभक्ति, साहस एवं त्यागमय जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान विद्यार्थियों से किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक-शिक्षक के बीच सतत संवाद आवश्यक है। उन्होंने निपुण भारत अभियान एवं विद्यालय में चल रहे शैक्षणिक नवाचारों की प्रगति से अवगत कराया।

मेगा पीटीएम के दौरान कक्षा-वार शिक्षकों ने अभिभावकों से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति व सह-पाठ्य गतिविधियों पर चर्चा की। निपुण मेले में गणित पिटारा, विज्ञान मॉडल, डिजिटल लर्निंग एवं खेल आधारित शिक्षण की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया।

# जिला स्तरीय मेगा पीटीएम का आयोजन

## मुख्यमंत्री ने वर्चुअल जुड़कर विद्यार्थियों, शिक्षक एवं अभिभावकों से किया संवाद

### बालिकाओं को नि:शुल्क साईकिल वितरण का शुभारंम्भ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला स्तरीय मेगा पीटीएम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल रूप से जुडकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से रूबरू हुए। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का वीसी के माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, जिला कलक्टर कमर चौधरी, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह सहित अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बसंत पंचमी माँ सरस्वती के पूजन एवं नमन का दिन है, यह दिन नव संकल्प, नव उद्भव, नव प्रेरणा के लिए सांस्कृतिक रूप से हम मनाते आ रहे है। उन्होंने मेगा पीटीएम के माध्यम से शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सुधारों, आधारभूत सुविधाएं के लिए चर्चा कर देश-प्रदेश के विकास में भागीदार बनने का आव्हान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को महापुरूषों से प्रेरणा लेकर उनके सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढने की बात कही। समारोह में बालिकाओं को साईकिल वितरण का शुभारंम्भ किया गया, प्रदेश में 3.14 लाख बालिकाओं को साईकिल वितरण कि जायेगी।

**मुख्यमंत्री ने किया संवाद-**

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पीटीएम में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में अध्ययनरत छात्रा कुमारी पूजा ने रूबरू हुए। मुख्यमंत्री ने छात्रा पूजा से शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। पूजा ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से महापुरूषों एवं शिक्षा के नवाचारों की जानकारी दी जाती है।

मुख्यमंत्री ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवर में नियुक्त शिक्षक विकास चौधरी से संवाद कर बच्चों में एक-दूसरे के सहयोगी की भावना पैदा करने तथा सामूहिक रूप से शैक्षणिक नवाचार बताने को कहा।

मुख्यमंत्री ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवर में अध्ययरत छात्रा कुमारी कोमल के अभिभावक मोहिनी देवी से संवाद किया तथा बालिका को साईकिल उपलब्ध कराने से मिली सुविधा के बारे में फीडबैक लिया।



**जिला स्तर पर साईकिल वितरण का शुभारंम्भ-**

जिला स्तर पर बालिका को साईकिल वितरण का शुभारंम्भ कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, जिला कलक्टर कमर चौधरी, पूर्व सांसद रंजीता कोली, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुल सिंह, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने 21 छात्राओं को नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, उपनिदेशक शिक्षा दलवीर सिंह, सीडीईओ अनित कुमार, डीईओं माध्यमिक सुरेन्द्र गोपालिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षा अधिकारी, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## बाड़ी की पवित्र बामनी नदी में नाले का गंदा पानी छोड़े जाने का विरोध

**हिंदूवादी संगठनों ने सौपा एसडीएम को पीएम मोदी के नाम ज्ञापन, तुरंत कार्यवाही की मांग**



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की गंगा और पेयजल का मुख्य स्रोत बामणी नदी में शहर के सरमथुरा रोड, महाराज बाग एरिया की कई कॉलोनी से जुड़े नाले को खोले जाने का विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और हिंदूवादी संगठनों में विरोध देखा जा रहा है।शुक्रवार को आक्रोशित लोगों द्वारा उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन दिया है। जिसमें पवित्र बामणी नदी में गंदे नाले का पानी छोड़े जाने का विरोध करते हुए तत्काल पानी को रोकने और अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर,विश्व हिंदू परिषद के चिम्मन बाबा,बजरंग दल के भूरा पहलवान, रामकुमार चौधरी आदि ने बताया कि शहर के सरमथुरा रोड पर सैकड़ो वर्ष पुरानी पवित्र बामणी नदी बहती है जो बाड़ी शहर के जल स्रोतों का मुख्य साधन है। इस पवित्र नदी के किनारे प्रसिद्ध संत दिवंगत पुरुषोत्तम दास महाराज का स्थान है। जहां राम दरबार आश्रम स्थापित है। जिस पर आज भी साधु संत रहते हैं। आश्रम पर श्रद्धालु दर्शन के साथ नदी में स्नान करते हैं। वही नदी के पानी से काश्तकारों की सैकड़ो बीघा भूमि जुड़ी हुई है। जिनके खेतों में फसलों की सिंचाई होती है।

इस नदी में कुछ समय पहले सरमथुरा रोड और आसपास की कई कॉलोनी से निकलने वाले गंदे पानी का नाला जो नया बना है। उसका पानी नदी किनारे ले जाकर छोड़ दिया गया है। जो लगातार नदी के पानी में मिल रहा है। इससे न केवल नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। बल्कि यह लोगों के लिए भी खतरनाक साबित हो रहा है।

**पत्नी को लेकर जा रहे युवक पर हमला**

## लाठी,सरियों के हमले में युवक गंभीर घायल,अस्पताल में कराया भर्ती,पुलिस कर रही जांच

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र के बाबू महाराज रोड पर पत्नी के साथ रिश्तेदारी में जा रहे एक बाइक सवार युवक के साथ मारपीट और हमले का मामला सामने आया है। घटना में घायल युवक का उपचार जिला अस्पताल धौलपुर में चल रहा है। घटना की रिपोर्ट पर सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने घायल युवक का बाड़ी अस्पताल में मेडिकल कराया है। मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना को लेकर सदर थाना क्षेत्र की नयापुरा गांव निवासी ओमवीर पुत्र दाताराम गुर्जर ने बताया कि उनका भतीजा सुनील पुत्र सुघड़ सिंह अपनी पत्नी के साथ मुतावली गांव में रिश्तेदारी में बाइक से जा रहा था। इस दौरान बाबू महाराज रोड पर पीछे से आए तीन बाइको पर सवार 8-10 लोगों ने लाठी-सरियो से उसकी मारपीट की। जब पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उसकी भी थाप,थप्पड़ो से मारपीट की गई। इस हमले में सुनील गुर्जर के पैर और हाथ में गंभीर चोट आई है। जिसका जिला अस्पताल धौलपुर में उपचार चल रहा है। घटना को लेकर ओमवीर पुत्र दाताराम गुर्जर ने सोने का गुर्जा थाने में रिपोर्ट दी है।एसएचओ कैलाश चंद मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 24वां रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर स्वर्गीय प्रकाश जैन की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्वेच्छीक रक्तदान शिविर का आयोजन ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसाइटी भरतपुर के तत्वाधान में किया गया। समिति के अध्यक्ष मोहन चंद्र सिंघल ने बताया कि ऑटोमोबाइल डीलर समिति द्वारा प्रतिवर्ष 23 जनवरी को प्रकाश जैन जी की पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता रहा है और यह 24वां रक्तदान शिविर है जिसमें कुंभीर गेट के सभी सदस्यों ने अपनी इच्छा से रक्त प्रदान किया। ब्लड बैंक की काउंसलर संजू वाला शर्मा ने बताया की आज रक्तवीरों द्वारा 18 यूनिट रक्तदान किया गया। संदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विनोद चौटाला, निरंजन मित्तल, कपिल कुमार, राजेश सिंह, राहुल सिंह, रमेश डागुर, आशीष चावला, दीवान सिंह, निखिल कुमार, गिरिराज सिंह, चरन सिंह, अमित कुमार, संदीप कुमार, प्रवीन अरोड़ा, सुखदेव शर्मा रक्त वीरों ने रक्तदान किया । ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसाइटी से गोविंद अग्रवाल, प्रवीन जैन, दिनेश सिंघल, बनवारी सिंघल, प्रदीप गुप्ता, विष्णु जैन, राजकीय ब्लड बैंक से डॉक्टर नरेश सिंह, लैब टेक्नीशियन नितेश, चंद्रशेखर अटेंडर हरेंद्र सिंह वाहन चालक वीरेंद्र सिंह स्वास्थ्य मंदिर से डॉक्टर दिगंबर सिंह संदीप श्रीवास्तव पायल शर्मा श्रेजल अग्रवाल मनीष फौजदार इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया। ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसाइटी द्वारा 26 जनवरी के कार्यक्रम में सभी रक्त वीरों का सम्मान किया जाएगा।

## हॉस्पिटल एक्सटेंशन के लिए 50 हजार वर्ग मीटर भूमि स्कीम-10 में से दी जाये

### नगर निगम व बीडीए करे जनहित में कार्य - गुप्ता


**समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने सी एम को लिखा पत्र**

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** आर बी एम हॉस्पिटल के एक्सटेंशन के लिए स्कीम-10 में से 50 हजार वर्ग मीटर भूमि आरक्षित कर शीघ्र उपलब्ध कराई जाये साथ ही नगर निगम व भरतपुर विकास प्राधिकरण जनहित के कार्य करें जिससे शहर में अनावश्यक विवाद जैसी स्थिति न बने। इस सम्बन्ध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है वे हॉस्पिटल एक्सटेंशन की भूमि व अन्य कार्यों की वजह से पैदा हुये विवादों को हल करने में हस्तक्षेप करें ताकि शहरवासियों के मन में हमारे मुख्यमंत्री की छवि कायम रह सके।

गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में कहा है कि चिकित्सा संस्थानों का भवन निर्माण आगामी 30-40 वर्षों की आवश्यकता के अनुसार किया जाता है। वर्तमान में आर बी एम चिकित्सालय के पास भावी विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि मौजूद नहीं है केवल पास में स्कीम-10 की भूमि है। जहां पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान 25 हजार वर्ग मीटर जमीन हॉस्पिटल विस्तार के लिए आरक्षित की थी जो भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए कम है द्य ऐसी स्थिति में इसे 50 हजार वर्ग मीटर किया जाये । इस भूमि को शीघ्र मेडिकल कॉलेज को उपलब्ध कराई जाये द्य वहीं प्रशासन हॉस्पिटल विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेज के पास 19 हजार वर्ग मीटर आवंटित करने जा रहे हैं जबकि एस ई जेड में पहले से 31 हजार वर्ग मीटर भूमि मौजूद है।

निदेशक ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि भरतपुर विकास प्राधिकरण एंव नगर निगम ने करीब एक हजार करोड़ का ऋण ले रखा है लेकिन दूरगामी सोच के अभाव व बद इन्तजामी के कारण विकास धरातल पर नजर नहीं आ रहा बल्कि शहरवासियों के लिए समस्या का कारण बनता जा रहा है। शहर की



स्कीम-13 अनियमितताओं व कुप्रबंध की भेंट चढ़ चुकी है ।सीवरेज, नाला निर्माण, ओवर ब्रिज के नाम पर खोदी गई सड़कें आमजन के आवागमन में बाधा बनी हुई है ।

## डॉ. गर्ग ने मंहगाया के पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में किया कक्षा कक्ष का लोकार्पण

**पीर नगर के राजकीय विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की**



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव मंहगाया स्थित पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षकों एवं जन सहयोग से निर्मित संविधान कक्ष का लोकार्पण किया साथ ही पीर नगर के राजकीय विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनायें दी।

डॉ. गर्ग ने मंहगाया स्थित राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संविधान कक्षा कक्ष का लोकार्पण कर समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि विद्यालयों में शिक्षक की पहल व जन सहयोग से विकास कार्यों को बढाना सरहानीय कार्य है। विद्यालय शिक्षकों की कर्म भूमि है और यहां पर दिया गया दान सर्वोपरि होता है। उन्होंने स्थानीय लोगों से आव्हान किया कि वे बच्चों को पढा लिखाकर योग्य बनाये ताकि वे देश सेवा में अपने कर्तव्य का निर्वाहन कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक ही वह धुरी है जो बच्चों को योग्य व सामर्थ बनाने के लिये समर्पित रहता है।

इसी प्रकार डॉ. गर्ग ने पीरनगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मां शारदे की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर पूजा अर्चना की और क्षेत्र व प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के लिये कक्षा कक्ष बनवाने एवं इंटरलॉकिंग करवाने की भी घोषणा की साथ ही भामाशाहों से भी आव्हान किया कि वे विद्यालय के विकास में अपना योगदान दें। इस दौरान डॉ. गर्ग का 101 फीट लम्बा साफा पहनाकर ग्रामीणों ने स्वागत किया।

डॉ. गर्ग ने दौरे के दूसरे दिन विधानसभा के गांव मौरोली कलां, गांवडी, जघीना, कमालपुरा, ब्रजेन्द्र नगर सहित अन्य क्षेत्रों का भी दौरा कर क्षेत्र की समस्याओं को जाना और आमजन की समस्याओं का शीघ्र ही समाधान कराने के सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।

## बसंत पंचमी पर शहर में हुआ अग्रवाल समाज का सामूहिक विवाह समारोह

### परमार्थ सेवा समिति ने कराया समाज की पांच जरूरतमंद युवतियों का विवाह

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में शुक्रवार को अग्रवाल समाज की संस्था परमार्थ सेवा समिति द्वारा सातवीं बार बसंत पंचमी के अवसर अग्रवाल सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया। सबसे पहले पांच दूल्हों की सामूहिक बारात निकाली गई। जो शहर के प्रमुख मार्गों से होगा विवाह स्थल पहुची। जहां सभी दूल्हों की अगवानी की गई और बारात का स्वागत हुआ। इसके बाद अग्रवाल समाज के तमाम लोगो और मंचासीन अतिथियों की उपस्थिति में वर-वधु ने एक दूसरे को माला पहनाई और जीवन भर साथ रहने का संकल्प लिया।

सामूहिक रूप से आयोजित विवाह समारोह को लेकर परमार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जिंदल ने बताया कि उनकी समिति हर वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर अग्रवाल युवक-युवतियों के इस प्रकार के विवाह समारोह का आयोजन करती है। इस बार यह सातवां आयोजन है। अब तक समिति द्वारा 101 कन्याओं के विवाह का संकल्प पूरा किया गया है। विवाह समारोह के दौरान राम बारात की तरह शहर में दाऊजी मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए बारात निकाली गई। जिसमें समिति के महिला एवं पुरुष सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। बारात का विवाह स्थल पर स्वागत किया गया।




सामूहिक विवाह समारोह के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भामाशाह सोम कुमार मित्तल ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जरूरतमंद लोगों को विशेष सहयोग मिलता है।उनकी बेटी या बेटे की शादी धूमधाम से संपन्न होती है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर अतिथि के रूप में लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के असिस्टेंट प्रोफेसर और संस्कृत संस्कृति विकास संस्थान के संस्थापक डॉ सुनील कुमार शास्त्री मौजूद रहे। जिन्होंने भी इस विवाह समारोह की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान अन्य अतिथियों के रूप में फिल्म निर्माता एवं समाजसेवी दिनेश चंद्र मंगल,अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, धौलपुर अग्रवाल जिला महासमिति अध्यक्ष ऋषि कुमार मित्तल, पूर्व प्रदेश महिला अध्यक्ष कमलेश गर्ग, एडवोकेट राधेश्याम गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील गर्ग, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष दिनेश बागथरिया और जिला अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरोज मंगल मंच पर मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान सभी जोड़ों को अतिथियों ने आशीर्वाद दिया। जरूरत का घर-गृहस्थी का सामान भी समिति द्वारा भेंट किया गया।

## एबेनेज़र स्कूल में भक्ति, संस्कृति और उल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** एबेनेज़र स्कूल परिसर में विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को विशेष रूप से सजाया गया तथा पूरा परिसर पीले रंग की आभा से सराबोर नजर आया, जो बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं मां सरस्वती के स्वरूप में सज-धज कर कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन आनंदित हो उठा। बच्चों ने पीले परिधान धारण कर पूरे भक्तिभाव से पूजा की और मां सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि, विवेक एवं उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर अजय गर्ग एवं प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान ही जीवन का सच्चा प्रकाश है, जो व्यक्ति को सही और गलत में भेद करना सिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, परिश्रम तथा गुरुजनों व माता-पिता के सम्मान का महत्व समझाया साथ ही बच्चों को यह संदेश दिया कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को अपनाना भी अत्यंत आवश्यक है, तभी समाज और राष्ट्र का निर्माण सशक्त रूप से हो सकता है। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। बसंत पंचमी का यह आयोजन

## कड़ी मेहनत के बाद श्वेता शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पचौरी पाड़ा निवासी डॉक्टर श्वेता शर्मा पुत्री गोपेश पचौरी वरिष्ठ पत्रकार ने ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर से पीएचडी की उपाधि ग्रहण की है। डॉ श्वेता शर्मा ने अपना शोध कार्य श्रीमती बीना दीवान के निर्देशन में महिलाओं पर देश एवं विदेश में बने कानूनों का सामाजिक अध्ययन विषय पर पूर्ण किया है।

डॉक्टर श्वेता शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया है। श्वेता शर्मा को पीएचडी उपाधि मिलने पर अनेक गणमान्य शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## डॉ. गर्ग ने नगर निगम आयुक्त के साथ सेवर में जल भराव की समस्या का किया निरीक्षण

**अधूरे पडे खुले नाले को बनवाने के साथ ही नाले नालियों पर फेरोकवर लगवाने के दिये निर्देश**

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सेवर में खुले पडे अधूरे नाले की वजह से जल भराव व गंदगी की समस्या से जुझ रहे क्षेत्रवासियों के दर्द को जानकर पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने नगर निगम के आयुक्त श्रवण विश्नोई व निगम के अन्य अधिकारियों के साथ उच्चौन चौराहे से लेकर सिगलीगर बस्ती व भोले मन्दिर तक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ सेवर का निरीक्षण किया जहां डॉ. गर्ग को उच्चौन चौराहे से सेवर के मुख्य बाजार, सिगलीगर बस्ती व भोले मन्दिर तक खुले पडे अधूरे नाले की वजह से जलभराव एवं गंदगी की समस्या से लोगों का आवागमन बाधित होता दिखाई दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम के आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों को अधूर पडे नाले को बनवाने तथा जलभराव की समस्या से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाने के निर्देश दिये, साथ ही उन्होंने खुले पडे नाले नालियों पर फेरोकवर लगवाने तथा क्रासिंग के टूटे पडे जालों को भी बदलवाने के लिये निर्देशित किया।

## बसंत पंचमी पर्व पर कपासन में शोभायात्रा सहित सवा क्विंटल अन्नकूट का भक्तों में हुआ वितरण



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** बसंत पंचमी पर्व एवं गुरु महाराज महर्षि च्यवन ऋषि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर महर्षि च्यवन गौड ब्राह्मण (बारेगामा) समाज कपासन द्वारा नगर में डीजे बैण्ड बाजा के साथ नगर में शौभायात्रा निकाली गई।इस दौरान शोभायात्रा ब्रह्मपुरी स्थित श्री च्यवन ऋषि मंदिर से प्रारंभ होकर ब्रह्मपुरी,शिवाजी चौक,बस स्टैंड,पांच बत्ती चौराहे सहित नगर के मुख्य मार्गो से होते हुवे यथास्थान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।यहां आरती बाद प्रसाद का भोग लगाकर भक्तजनों में वितरित किया गया।इस अवसर पर भजनों पर महिलाओं एवं युवतियों द्वारा धार्मिक गीत एवं भजनों पर नृत्य में किया गया।साथ ही सवा क्विंटल अन्नकूट महाप्रसाद का भक्तों में वितरण किया गया।

## राजकीय महाविद्यालय कपासन में मनाई स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय कपासन में शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को नगर में श्रद्धा एवं सम्मानपूर्वक मनाया गया।जिसमें क्षेत्रीय विधायक अर्जुन लाल जीनगर द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।इस दौरान महाविद्यालय में अध्ययनरत विभिन्न संकाय के छात्र-छात्राओं का उपरना एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,जीएसएस कपासन एवं पूर्व नपा पार्षद अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,महाविद्यालय प्राचार्य राधेश्याम गमेती,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,अशोक विजयवर्गीय,छात्र नेता तरुण बारेगामा,महामंत्री सोहन खटीक,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,शम्भू बागड़ा,बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव,भागीरथ चंदेल, प्रवीण कोठारी आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।इस मौके पर घोष वादको को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए जुट के थेलो का वितरण किया गया।

## पूज्य श्री तन सिंह जी की 102वीं जयंती 25 जनवरी को, तैयारियों का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक पूज्य श्री तन सिंह जी की 102वीं जयंती के अवसर पर 25 जनवरी, रविवार को प्रातः 11 बजे श्री राजपूत छात्रावास, बडौली रोड निंबाहेड़ा में जन्म जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम श्री क्षत्रिय युवक संघ, प्रांत चित्तौडग़ढ़ के तत्वावधान में आयोजित होगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, राजपूत समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु सपरिवार उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर समाज में उत्साह का वातावरण है। इसी क्रम में शुक्रवार को श्री क्षत्रिय युवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया। स्वयंसेवकों ने गांव-गांव जाकर राजपूत समाज के लोगों से संपर्क किया तथा उन्हें जयंती समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। स्वयंसेवकों ने पूज्य श्री तन सिंह जी के विचारों एवं उनके द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों की जानकारी भी समाजजनों को दी। संघ ने समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर पूज्य श्री तन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

## राष्ट्र पर्व पर मानवता का संदेश, 64वें विशाल रक्तदान शिविर की तैयारी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ब्यावर एवं स्वर्ण गंगा ज्वैलर्स भजनलाल सुरेशचंद सर्राफ, ब्यावर के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को स्वर्गीय शुभम गर्ग (सुपुत्र संजय गर्ग) की पुण्य तिथि पर आयोजित होने वाले 64वें विशाल रक्तदान शिविर की जानकारी के साथ नववर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीणा ने अपने करकमलों से किया।

प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र काबरा ने बताया कि परिषद द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्र पर्व पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैलेंडर व पोस्टर के माध्यम से रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने, भ्रांतियां दूर करने तथा युवाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करने का उद्देश्य है।

सचिव विकास गर्ग ने जानकारी दी कि रक्तदान शिविर 26 जनवरी 2026, सोमवार को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक, माहेश्वरी भवन, श्रद्धानंद बाजार, ब्यावर में आयोजित होगा विमोचन कार्यक्रम में अध्यक्ष सतीश सर्राफ, शिविर संयोजक राजेंद्र काबरा, अमरचंद मूंदड़ा, रविंद्र कुमार टेलर, संजय जिंदल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मेगा पीटीएम का ऐतिहासिक आयोजन

# वसंत पंचमी पर शिक्षा-संस्कार-राष्ट्रभक्ति का संगम, 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पर गूंजा सामूहिक स्वर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (अनिल सिखवाल)।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक गायन कार्यक्रम (द्वितीय चरण) तथा पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड में मेगा पीटीएम का भव्य आयोजन वसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री अविनाश गहलोत की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण अभिभावकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से देखा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया।

जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि तथा विधायक शंकर सिंह रावत अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, पूर्व पार्षद सुनीता भाटी एवं प्राचार्य विमला चौहान सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षाविद् मौजूद रहे।



समारोह के दौरान कक्षा 9वीं की पात्र 178 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री गहलोत ने छात्राओं से संवाद करते हुए शिक्षा के साथ आत्मविश्वास, अनुशासन और संस्कार अपनाने का संदेश दिया अपने संबोधन में श्री गहलोत ने कहा कि मेगा पीटीएम एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने अभिभावक-शिक्षक संवाद को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने वसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती सभी विद्यार्थियों को बुद्धिमान, विवेकशील और प्रगतिशील बनाए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उन्होंने राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया कैबिनेट मंत्री ने माननीय मुख्यमंत्री के संबोधन को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक बताया और कहा कि सरकारी विद्यालयों में सशक्त अभिभावक-शिक्षक संवाद से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान को स्वर्ण पदक मिलने का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा साइकिल, स्कूटी वितरण एवं प्रतिभा सम्मान जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को 'बेर-लड्डू' का प्रसाद एवं विशेष 'कृष्ण भोग' वितरित किया गया।

# प्रक्षाल रोडलाइंस द्वारा खुले आम अवैध बायो डीजल गाडियों मे भरा जा रहा

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर निम्बाहेड़ा में प्रक्षाल रोड लाइन्स द्वारा बायो डीजल को अपनी बड़ी-बड़ी गाडियों मे विगत कई वर्षों से भरते चले आ रहा है । येन केन रसद विभाग द्वारा छोटी मोटी कार्यवाही भी की जाती है किन्तु रसद विभाग की उदासीनता के चलते बायो डीजल अब प्रक्षाल रोड लाइन्स द्वारा खुलेआम गाडियों मे भरते देखा जा सकता है।



### क्या होता है बायो डीजल

बायो डीजल सामान्य डीजल की तरह ही दिखता है, नगर में तीन तरह का बायो विक्रय किया जा रहा है, इन लोगों की भाषा में 790, 810 और 825 की डेंटेसिटी वाला बायो धड़ल्ले से बिक रहा है मगर इस बायो का उपयोग सिर्फ मशीनरी उत्पादों में ही मुख्य रूप से काम में लिया जाता है। पिछले कुछ समय से डीजल और बायो डीजल की रेट में लगभग 20- 25 रूपये का अंतर होने से छोटे वाहन मालिक इसका उपयोग करने लग गए। सामान्यतया एक गाड़ी में लगभग 400 लीटर डीजल आता है जो वर्तमान मूल्य से 41000 हजार रूपये का होता है वहीं बायो का उपयोग करने पर वहीं लागत 32000 रूपये के करीब आ जाती है जिससे वाहन मालिक को 8 से 10 हजार रूपये की बचत हो जाती है, यह राशि एक सामान्य वाहन मालिक के लिए संजीवनी का कार्य करती है। बायो डीजल के लगातार उपयोग से गाड़ी के इंजन पर असर आता है और उसकी क्षमता कम हो जाती है साथ ही डीजल टेंक से मुख्य इंजन तक आने वाली पम्प नोजल को भी हर वर्ष बदला जाता है। इस मुनाफे को देखकर बड़े गाड़ी मालिक भी इसका उपयोग करने लग गए और बायो की खपत दिनों दिन बढने लग गई जिसके चलते एक से दो, दो से दस, दस से बीस और अब तो हर व्यक्ति इस व्यापार में उतर सा गया है। सूत्रों की माने तो नगर के प्रक्षाल ट्रांसपोर्ट व्यवसाई के पास खुद का चलता फिरता पम्प है साथ ही उन्होंने अपने-अपने गोडाउन में 5000 से 20000 लीटर का भंडारण भी टेंक बनाकर कर रखा है। पेट्रोलियम एवं रसद विभाग के नियमों से अनुसार बायो डीजल का भंडारण नहीं किया जा सकता है।

### कैसे भरा जाता है बायो

बायो डीजल को भरने के लिए इन व्यक्तियों द्वारा छोटी गाड़ी जिसे पिकअप या 207 के नाम से जाना जाता है उसमें एक पम्प फिट किया हुआ रहता है और साथ में एक टंकी भी लगाई हुई होती है अभी हाल ही में अधिक मुनाफे के चक्कर में प्रक्षाल रोड लाइन्स द्वारा बायो डीजल भरा जा रहा है चित्तौडग़ढ़ से बाईपास रोड़ पर यह दृश्य आपको कभी भी देखने को मिल जाएगा,बायो के इस मामले को लेकर रसद विभाग कब अपनी आँख खोलता है और प्रक्षाल रोड लाइन्स पर प्रशासन कब पुख्ता कार्यवाही करेगा या फिर यह खेल यूही चलता रहेगा।

### इनका कहना

कार्यवाही तो तहसीलदार भी कर सकते है मैं अपने इंस्पेक्टर को भेजके दिखवाता हूं ।

- हितेश जोशी,रसद अधिकारी चित्तौडग़ढ़

## कांग्रेस ने मनरेगा को बनाया भ्रष्टाचार का 'एटीएम', मोदी सरकार ने वीबी जी राम जी से लगाया 'डिजिटल ताला' - श्रवण सिंह बगड़ी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने दशकों तक देश की संपत्तियों और योजनाओं को केवल 'एक परिवार' के नाम की जागीर समझा, आज उसे 'विकसित भारत' और 'जी राम जी' के नाम से दर्द हो रहा है। यह विधेयक महात्मा गांधी की सोच के अनुरूप और देश के गरीब कल्याण के संकल्प को सिद्ध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा खड़ा करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मनरेगा को 'भ्रष्टाचारियों की एटीएम' बना दिया था, मोदी सरकार ने 11 साल में उसे 'मजदूरों की तिजोरी' बना दिया और अब 'जी राम जी' विधेयक उस पर 'डिजिटल ताला' है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला प्रभारी संजय जैन ताऊ, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक गोपाल खंडेलवाल, जब्बर सिंह सांखला, लादूलाल पीतलिया, लालाराम बैरवा, वीबी जीरामजी जिला संयोजक बाबूलाल आचार्य, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया भी मंचासीन रहे। प्रदेश महामंत्री बगड़ी ने आगे कहा कि उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने देश के लगभग 600 संस्थानों, पुरस्कारों और योजनाओं के नाम केवल नेहरू-गांधी परिवार के नाम पर रखे। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी ने 'राजभवन' को 'लोकभावन', 'राजपथ' को 'कर्तव्य पथ', 'रेसकोर्स रोड' को 'लोक कल्याण मार्ग' और प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवा तीर्थ' बनाकर व्यक्ति पूजा की जगह सेवा की राजनीति स्थापित की है। प्रेस वार्ता में बगड़ी ने आंकड़े रखते हुए कहा कि मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया था। अकेले 2024-25 में 193.67 करोड़ रुपये का गबन हुआ। कांग्रेस सिर्फ आरोप लगाती है, लेकिन सच यह है कि मनरेगा पर अब तक हुए कुल 11.74 लाख करोड़ रुपये के खर्च में से 8.53 लाख करोड़ रुपये अकेले मोदी सरकार ने खर्च किए हैं।

### वीबी जी राम जी 2047 के विकसित भारत की नींव

बगड़ी ने बताया कि वीबी जी राम जी विधेयक सेअब ग्रामीण परिवारों को 100 के बजाय 125 दिन का काम मिलेगा, जिससे उनकी आय में 25त्न की सीधी वृद्धि होगी। वन क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति कामगारों को 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार (कुल 150 दिन) मिलेगा। मजदूरों को 15 दिन इंतज़ार नहीं करना होगा, उन्हें हर हफ्ते पेमेंट दिया जाएगा। भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए एआई, जीपीएस और बायोमेट्रिक सत्यापन का उपयोग होगा। अब 'बिचौलियों' का धंधा बंद होगा। बुआई और कटाई के समय श्रमिकों की कमी न हो, इसके लिए 60 दिनों की 'नो वर्क' अवधि का प्रावधान किया गया है। केवल गड्ढे खोदने के बजाय अब 'जल सुरक्षा', ग्रामीण सडक़ों और जलवायु अनुकूल बुनियादी ढांचे साहिर आजीविका ढांचे पर ध्यान दिया जाएगा।

प्रेसवार्ता के दौरान जिला प्रवक्ता मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, अनिल सिंह जादौन, सोशल मीडिया जिला संयोजक रागिनी गुप्ता, सहसंयोजक महेंद्र नायक भी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कपासन में आयोजित पथ संचलन का भव्य स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर नगर के विद्या निकेतन विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा शुक्रवार को आयोजित पथ संचलन का पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा नगर मंडल कोषाध्यक्ष प्रवीण कोठारी ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विद्यालयी छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित भव्य पथ संचलन का क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया।साथ ही पथ संचलन में देशभक्ति के नारे गुंजायमान रहे।

इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय ने कहाकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयवर्गीय ने कहाकि पथ संचलन जैसे आयोजन राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराते हैं।



इस अवसर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं पं.स. कपासन सदस्य दिनेश पाराशर,जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर,पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,नगर पालिका कपासन पार्षद मुकेश पलोड़,अशोक विजयवर्गीय,भाजपा महामंत्री एवं पूर्व नपा अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार,सोहन खटीक,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,शम्भू बागड़ा,बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव,एससी मोर्चा के भागीरथ चंदेल,शिवलाल सेन,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,युवा नेता प्रतीक वैष्णव,गौरव दाधीच, दिनेश सोनी,ओबीसी मोर्चा के नारायण सुथार,आशीष नंदवाना,दिनेश सोनी,मुकेश सीरोया,भगवती आचार्य,युवा मोर्चा के मनोज आचार्य,शंकर चंदेल, हेमंत वैष्णव,पूरण कुमावत,अभिनव दुग्गड़,दीपक चंडालिया,मुरली टैलर,प्रसन्नदीप बग्गा,जगदीश लड्ढा, छोटू वैष्णव,विमल सुथार,एससी मोर्चा के अरुण कोदली,भेरू आचार्य,पंकज पाराशर,ग्रामीण मंडल के दशरथ सिंह,हेमंत टेलर,हरिशंकर चोटिया,मुकेश सिरोया,हरिशंकर आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभु श्रीरामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर 101 यूनिट रक्तदान के साथ संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सर्व व्यापार मंडल निंबाहेड़ा (रजी.), सर्राफा संघ निंबाहेड़ा एवं श्री मातेश्वरी मानव सेवा संस्थान (रजी.) के संयुक्त तत्वावधान में जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसमें कुल 101 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर प्रभारी एवं सर्व व्यापार मंडल निंबाहेड़ा तथा सर्राफा संघ निंबाहेड़ा के अध्यक्ष पुष्कर सोनी ने बताया कि विधायक श्रीचंद कृपलानी ने प्रभु श्रीराम की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में माताओं-बहनों, युवाओं एवं रक्तदाताओं ने बढ़-चढक़र सहभागिता निभाई। रक्तदान संयोजक कुलदीप नाहर रहे।



### उपस्थित रहे
### रक्त संग्रहण में इनका रहा विशेष योगदान

~~रक्त संग्रहण का कार्य राजकीय सांवलिया हॉस्पिटल चित्तौडग़ढ़ की टीम एवं चित्तौड़ ब्लड बैंक द्वारा डॉ. रोहित धाकड़ के नेतृत्व में किया गया। शिविर में निंबाहेड़ा ब्लड बैंक प्रभारी लोकेश शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक जितेंद्र सिंघवी, मनीष तोलम्बिया, कुलदीप जाला, हिमांशु बैरवा, दीपेश मंगनानी, आदित्य जाट, यविष्ठ डांगी, राजवीर सैनी, कपिल माली, आयुष चौहान, जीत तापडिय़ा ने सहयोग किया।~~

**कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यजन**

कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. जे.एम. जैन, ललित प्रकाश शारदा, मोतीलाल आहूजा, प्रदीप मोदी, वीरेश चपलोत, उमेश तोतला, तहसीलदार घनश्याम जरवार, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. राघव सिंह, डॉ. अमित गोयल, डॉ. कमलेश बाबेल, डॉ. आलोक सोनी, डॉ. सीमा बाबेल, डॉ. के. आसिफ, भाजपा जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, उपाध्यक्ष लक्की आहूजा, कुलदीप सिंह, गोपाल पंचोली, पूर्व उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मुंदड़ा, मंत्री रमेश वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष वर्षा कृपलानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती शर्मा, पूर्व पार्षद रेखा रानी तिवारी, एससी मोर्चा अध्यक्ष विजय बैरवा, युवा मोर्चा महामंत्री डॉ. आशीष टांक उपस्थित रहे।





# शिमला-मनाली में पहली बर्फबारी, टूरिस्ट की मस्ती

## बर्फीला तूफान चल रहा, कुल्लू में 5 पर्यटक फंसे; चंबा में घरों की छत उड़ी

बढ़ता राजस्थान

**शिमला ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ों पर देर रात से बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश जारी है। शिमला और मनाली समेत प्रदेश के कई भागों में इस विंटर सीजन का यह पहला हिमपात हुआ। शिमला में बर्फ देखकर कुछ टूरिस्ट सुबह से ही सड़कों पर आ गए और बर्फ से खेलने लग गए। रिज पर भी टूरिस्ट बर्फ के बीच मस्ती कर रहे हैं। उधर, शिमला में देर रात से ही बर्फीला तूफान चल रहा है। इसके कारण शिमला शहर में शुक्रवार सुबह से ब्लैक आउट है। शहर के 95 प्रतिशत इलाकों में बिजली गुल है। भारी बर्फबारी और बर्फीले तूफान के कारण इसके जल्दी रिस्टोर होने की भी कम संभावना है। नारकंडा में बर्फीला तूफान चल रहा है। उधर, चंबा के भरमौर में तो बर्फीले तूफान से 10 से ज्यादा घरों की छत भी उड़ गई। वहीं, कुल्लू के जलोड़ी जोत में भारी बर्फबारी के कारण पांच टूरिस्ट फंस गए हैं।

# जज को आंख दिखाना चाहते हो..दिखाओ, हम भी देख लेंगे

## सीजेआई सूर्यकांत की झारखंड हाईकोर्ट के वकील को फटकार; एडवोकेट ने जज से की थी बहस

बढ़ता राजस्थान



**रांची ( एजेंसी )।** झारखंड हाईकोर्ट के जज के साथ बहस करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील को कड़ी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने वकील को हाईकोर्ट के समक्ष बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया।

दरअसल, 16 अक्टूबर को वकील महेश तिवारी और झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश कुमार के बीच तीखी बहस हुई थी। बहस के दौरान वकील महेश तिवारी ने जज से कहा था कि वे हद पार न करें।

जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। झारखंड हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी किया। इसके बाद महेश तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। आज इसी मामले पर सीजेआई सूर्यकांत सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर वह आंख दिखाना चाहते हैं तो हम भी देख लेंगे वह क्या कर लेंगे।

अहमदाबाद प्लेन क्रैश

# विमान में पहले से खराबी थी

## अमेरिकी रिपोर्ट में इलेक्ट्रिकल फेलियर की आशंका; 270 लोगों की मौत हुई थी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी। अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी (एफएएस) ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। एफएएस के मुताबिक, यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था। व्हिसलब्लोअर के दस्तावेजों के आधार पर संगठन का दावा है कि विमान में शुरुआत से ही बार-बार तकनीकी और सिस्टम से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। रिपोर्ट में कहा गया कि 2022 में एक बार उड़ान के दौरान विमान में आग भी लगी थी। संभव है कि इससे विमान के अंदरूनी सिस्टम को नुकसान पहुंचा हो।

# शशि थरूर केरल कांग्रेस की बैठक में शामिल नहीं हुए

## दावा- राहुल गांधी से नाराज; 19 जनवरी को राहुल ने कोच्चि में नाम नहीं लिया

**नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर शुक्रवार को केरल विधानसभा चुनावों को लेकर होने वाली पार्टी की अहम रणनीतिक बैठक में शामिल नहीं हुए। सूत्रों के मुताबिक थरूर हालिया घटनाक्रम से नाराज हैं। पीटीआई सूत्रों का कहना है कि 19 जनवरी को कोच्चि में आयोजित महापंचायत कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने मंच पर मौजूद कई वरिष्ठ नेताओं का नाम लिया, लेकिन शशि थरूर को नजरअंदाज कर दिया था। थरूर के करीबी सूत्रों के मुताबिक यह घटना उनके लिए टिपिंग पॉइंट साबित हुई। इससे पहले भी राज्य के कुछ नेता उन्हें नजरअंदाज करने की कोशिश कर चुके हैं, जिससे वह असहज महसूस कर रहे थे। इस मामले पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि केरल कांग्रेस के सभी बड़े नेता मीटिंग में आ रहे हैं।

## कोटा विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह आयोजित

# शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति में श्रेष्ठ जीवन मूल्य समाहित करना, विश्वविद्यालयों के आचार्य नवाचारों से विद्यार्थियों को लाभान्वित करें - राज्यपाल बागडे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारतीय प्रतिभा का लोहा विश्व मानता है। अतः आज जो पदक और उपाधि मिली हैं, उसका उपयोग युवा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में करें। उन्होंने कहा कि वही समाज और राष्ट्र आगे बढ़ता है, जहां शिक्षा का प्रसार होता है।

राज्यपाल श्री बागडे शुक्रवार को कोटा के सिआम ऑडिटोरियम में कोटा विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विभिन्न पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले दीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्री बागडे ने कहा कि यह बहुत बड़ा संयोग है कि कोटा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विद्या की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस, बसंत पंचमी पर मनाया जा रहा है। बसंत पंचमी जीवन में नवीन ऊर्जा और आनंद का संचार करती है। यह मां सरस्वती से आशीर्वाद लेकर शिक्षा से जीवन को उन्नत करने का भी पावन पर्व है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल सूचना देना नहीं बल्कि व्यक्तित्व का उत्कर्ष करना है। व्यक्तित्व का उत्कर्ष तभी होगा जब पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को जीवन व्यवहार की शिक्षा भी दी जाए। शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति को एक अच्छा मनुष्य बनाना है जो श्रेष्ठ जीवन मूल्यों से समन्वित हो। नई शिक्षा नीति इसी आलोक में तैयार की गई है जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया गया है।

श्री बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालयों के आचार्य नित-नए ज्ञान से अपने विद्यार्थियों को लाभान्वित करें। विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित की जाए और फीडबैक लेने का मैकेनिज्म तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षक पाठ्यक्रम से जुड़े प्रश्नों का गहराई से विश्लेषण करते हुए विद्यार्थियों से सवाल पूछे और उनकी प्रतिक्रिया लें। इससे बच्चों में उत्साह बढ़ता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शोध को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 130वीं जयंती भी है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की स्मृति को मैं नमन करता हूं।

दीक्षांत समारोह में ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि आज जो विद्यार्थी यहां से उपाधि और पदक लेकर जा रहे हैं, उनका जुड़ाव हमेशा इस विश्वविद्यालय से बना रहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम की भावना सदैव विद्यमान रहनी चाहिए। इसी भावना से वे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। विद्यार्थी नौकरी करने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनकर अपने कौशल से नए स्टार्टअप शुरू करें। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बीपी सारस्वत ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार चतुर्थ चरण में पचेल कला और हनोतिया गांव को गोद लिया है। जिनके सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत् है। दीक्षांत समारोह में 80,117 उपाधियों का वितरण किया गया।

# भारत की एंटी ड्रोन शील्ड चेक कर रहा पाकिस्तान

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद से 800 ड्रोन भेजे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लड़ने का एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय हवाई सीमा में भेजे गए। इसे लो लेवल ड्रोन वारफेयर (कम ऊंचाई पर ड्रोन युद्ध) कहा जाता है। सूत्र बताते हैं कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की एयर डिफेंस और एंटी ड्रोन शील्ड परखने की सैन्य रणनीति का संकेत है। ये ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिससे रडार को चकमा दे सकते हैं। ज्यादातर ड्रोन राजस्थान और पंजाब की सीमा पर देखे गए। भारतीय सुरक्षा बलों ने 800 में से करीब 240 ड्रोन मार गिराए। 5 ड्रोन में हथियार या युद्ध से जुड़ा सामान मिला। 160 से ज्यादा ड्रोन दूसरे सामान गिराने के लिए आए थे, जबकि करीब 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। इस साल जनवरी में अब तक ड्रोन घुसपैठ की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल

# बरसात में भी दिखा जवानों का जोश

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )** दिल्ली में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। सुबह से हो रही बरसात के बावजूद कर्तव्य पथ पर तीनों सेनाओं के जवानों ने कदम से कदम मिलाकर परेड की। कर्त्तव्य पथ पर पहली बार भारतीय सेना की भैरव बटालियन फुल ड्रेस रिहर्सल का हिस्सा बनी।

### इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर क्या होगा खास ?

गौरतलब है कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह पर पहली बार शक्ति बाण, दिव्यास्त्र बैटरी, भैरव बटालियन, यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम, रोबोटिक डॉग, ईगल, बैक्ट्रियन कैमल व जंस्कार पोनी आदि नजर आएंगे। 26 जनवरी को होने वाली परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल हर वर्ष 23 जनवरी को होती है। इस वर्ष भी पूरे जोश व उत्साह के साथ कलाकारों व सैन्यकर्मियों ने यह रिहर्सल की।

### कर्तव्य पथ पर निकलेंगी कुल 30 झांकियां

बरसात के बावजूद इनके उत्साह में जरा सी भी कमी नहीं दिखी। 77वें गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर कुल 30 झांकियां निकलेंगी। इनमें से 17 झांकियां विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की हैं। वहीं 13 झाँकियां विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और सेवाओं की होंगी। इस वर्ष की झांकियों की व्यापक थीम 'स्वतंत्रता का मंत्रः वंदे मातरम्' तथा 'समृद्धि का मंत्रः आत्मनिर्भर भारत' है। सैन्य कार्य विभाग त्रि-सेवा झाँकी को प्रदर्शित करेगा। अपनी झांकी में यह विभाग ऑपरेशन सिंदूर, संयुक्तता से विजय को प्रदर्शित करेगा।

### ये झांकियां देश-दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करेंगी सशक्त और प्रेरणादायक स्वरूप

वहीं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ङ्क राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: विकसित भारत की ओर अग्रसर भारतीय स्कूली शिक्षा पर आधारित झांकी ला रहा है। गणतंत्र दिवस परेड की ये झांकियां भारत की स्वतंत्रता, सांस्कृतिक गौरव, नवाचार, आत्मनिर्भरता और विकासशील दृष्टि को एक सशक्त और प्रेरणादायक स्वरूप में देश-दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करेंगी।

वहीं गणतंत्र दिवस समारोह में वायुसेना का फ्लाइ पास्ट भी इस बार बेहद खास होने वाला है। वायुसेना के फाइटर जेट फ्लाइ पास्ट के दौरान आसमान में 'सिंदूर' फॉर्मेशन बनाएंगे। यह फॉर्मेशन 'ऑपरेशन सिंदूर' की याद दिलाता है। इस फॉर्मेशन में 2 राफेल, 2 मिग 29, दो सुखोई-30 और एक जैगुआर विमान कर्तव्य पथ के ऊपर आसमान में नजर आएंगे। भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कुल नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है।

### डीआरडीओ अपनी कई स्वदेशी रक्षा प्रणालियों का करेगा प्रदर्शन

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ गणतंत्र दिवस परेड तथा भारत पर्व 2026 में अपनी कई स्वदेशी रक्षा प्रणालियों का प्रदर्शन करेगा। इन प्रमुख प्रणालियों में लॉन्ग रेंज एंटी-शिप हाइपरसोनिक मिसाइल शामिल है। वहीं इस बार डीआरडीओ की विशेष झांकी कॉम्बैट सबमरीन के लिए नौसैनिक प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी। वहीं डीआरडीओ गणतंत्र दिवस परेड के दौरान स्वदेशी तकनीक पर विकसित किए गए घातक हथियारों का प्रदर्शन करेगा। डीआरडीओ लॉन्चर सहित लॉन्ग रेंज एंटी-शिप हाइपरसोनिक मिसाइल का प्रदर्शन करेगा। यह अत्याधुनिक हथियार प्रणाली भारतीय नौसेना की तटीय बैटरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित की गई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।